शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 40 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश


www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 06 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## परिवारवादियों ने देश को बर्बाद किया: मोदी

### उन्होंने जमीन-आसमान बेचकर कोठियां बनवाईं, मैंने घर भी नहीं बनवाया: पीएम



**अखंड भारत संदेश**

**हैदराबाद/भुवनेश्वर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 घंटे के अंदर एक बार फिर तेलंगाना पहुंचे। उन्होंने मंगलवार को सबसे पहले सिकंदराबाद के श्री उज्जयिनी महाकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने संगारेड्डी में 7200 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया।

पीएम मोदी ने यहां रैली को संबोधित करते हुए एक बार फिर परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। ढट ने कहा- पता है ये लोग मुझे गाली क्यों दे रहे हैं? ये मोदी उनकी आंखों में चुभता क्यों है? उसका कारण है- मैं उनके सैकड़ों हजारों रुपए के घोटालों की पोल खोल रहा हूं। पीएम ने कहा- मैं इनके परिवार के खिलाफ परिवारवाद के खिलाफ बोल रहा हूं। व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाया। वो लोग मेरी बातों का जवाब नहीं देते हैं, वो कहने लगते हैं कि मोदी का परिवार ही नहीं है। अगर आपके पास परिवार है तो आपको चोरी करने की छूट है, सत्ता पर कब्जा करने की छूट है? मोदी बोले- विपक्ष के लोगों ने सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार के लिए जमीन-आसमान बेच दिए और अपनी कोठियां बनवाईं।

मैंने आज तक अपना घर भी नहीं बनवाया। मैं गुजरात का मुख्यमंत्री और अब देश का प्रधानमंत्री रहते हुए अब तब 150 करोड़ के गिफ्ट नीलाम करवाकर जनता की सेवा में लगा दिए।

**मोदी जो कहता है, वो करके दिखाता है:** प्रधानमंत्री ने कहा- कल भी मैं तेलंगाना में थ और आज भी आया हूं। इन दो दिनों में 63 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकापर्ण हुआ। आप भी जानते हैं कि मोदी जो कहता है, वो करके दिखाता है। मैनें कहा था- भारत को पूरे विश्व में एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।

आज आप देख रहे हैं कि कैसे भारत पूरे विश्व में आशा की किरण बनकर नई ऊंचाई छू रहा है।मोदी ने कहा- हमने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 के अंत की बात कही थी। ये वादा इखढ ने पूरा कर-के दिखाया। हमने कहा था कि हम सब मिलकर अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान राम का स्वागत करेंगे। ये वादा पूरा हुआ। मोदी की गारंटी पूरी हुई।

**विपक्ष मुझे और मेरे परिवार को गाली दे रहा है:** मोदी ने कहा- आज जब मोदी आपसे और आपके परिवार को दी गई गारंटी को पूरा करने में लगा है, तो कांग्रेस और उसके साथी मोदी को और मोदी के परिवार को गाली देने पर उतर आए हैं। इसका कारण है- क्योंकि मैं इनके सैंकडों हजारों रुपयों के घोटालों की पोल खोल रहा हूं। मैं इन लोगों के परिवारवाद के खिलाफ आवाज उठा रहा हूं। व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा- मैं सही कर रहा हूं या नहीं। आप जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक देखिए, जहां परिवारवादी पार्टियां राज कर रही हैं, वो परिवार मजबूत हो गए और वो राज्य बर्बाद हो गए। वो लोग मेरी बातों का जवाब नहीं देते हैं, वो कहने लगते हैं कि मोदी का परिवार ही नहीं है। अगर आपके पास परिवार है तो आपको चोरी करने की छूट है, सत्ता पर कब्जा करने की छूट है?

**परिवारवादियों ने जमीन-आसमान बेचे, कोठियां-महल बनवाए**

पीएम ने कहा- उन्होंने काला धन ठिकाने लगाने के लिए विदेशी बैंकों में अपने खाते खोले। मोदी है, जिसने यहां करोड़ों गरीब भाई-बहनों के जनधन खाते खुलवाए। ये फर्क है। परिवारवादियों ने अपने परिवार के लिए कोठियां-महल-शीशमहल बनवाए। मोदी ने अपने लिए एक घर तक नहीं बनाया। मोदी देश के गरीबों के पक्के घर बनवा रहा है। अब तक 4 करोड़ घर बन चुके हैं। परिवारवादियों ने देश की खदानें, महंगी जमीनें और आकाश तक बेचा। मोदी देश बनाने के लिए, आपका भविष्य बनाने के लिए, आपके बच्चों का भविष्य बनाने के लिए जमीन-आकाश-पाताल दिन-रात एक कर रहा है। बौखलाए हुए ये लोग मेरा परिवार ना होने की बात कर रहे हैं। आज 140 करोड़ देशवासी एक सुर में कह रहे हैं, मैं हूं मोदी का परिवार।

**तेलंगाना में कांग्रेस-बीआरएस एक-दूसरे को कवर फायर देते हैं**

पीएम ने कहा- तेलंगाना के लोगों ने बीआरएस और कांग्रेस मौका दे दिया। कांग्रेस ने तेलंगाना को अपना अळट बना दिया। दोनों पार्टियां एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बीआरएस-कांग्रेस में गठबंधन है कि नहीं है, ये तेलंगाना वाले बताएंगे। दुनिया को ये पता है कि दोनों के बीच घोटाला बंधन बहुत मजबूत है। घोटाला बंधन सारी दुनिया जानती है। घोटालाबंधन यानी तेलंगाना की लूट में दोनों एक-दूसरे को कवर फायर देते हैं। बीआरस के लोगों ने कालेश्वरम घोटाला करके किसानों से करोड़ों रुपए लूटे। अब कांग्रेस क्या कर रही है। ये लोग बीआरएस के घोटालों की जांच तक नहीं करा रहे हैं। फाइलें दबा रहे हैं। इन्हें लगता है कि इनके भी कई लोग बीआरएस के साथ घोटाले में शामिल हैं।

### मेरे लिए देश का हर परिवार सब कुछ है

मोदी ने कहा- मैंने एक ही परिवार के 50-50 लोग पदों पर विराजमान देखे हैं। ये कहते हैं कि मोदी के साथ हमारी विचारधारा की लड़ाई है। ये विचारधारा की लड़ाई है। वो कहते हैं फैमिली फर्स्ट, मोदी कहता है कि नेशन फर्स्ट। ये है विचारधारा की लड़ाई। प्रधानमंत्री ने कहा- उनके लिए उनका परिवार ही सब कुछ है। मेरे लिए देश का हर परिवार सब कुछ है। इन्होंने अपने परिवार के हितों के लिए देशहित को बलि चढ़ा दिया। मोदी ने देशहित के लिए खुद को खपा दिया है। ये परिवारवादी इतने असुरक्षित हैं कि इन्होंने देश के हजारों युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ने ही नहीं दिया।

### 4. मैंने 150 करोड़ के गिफ्ट देश की सेवा में अर्पित किए

पीएम ने कहा- कांग्रेस पहले परिवारवादी नहीं थी, लेकिन जबसे परिवारवादी बनी है, 50 साल से कम आयु वाले को आगे नहीं बढ़ाते। किसी को बैठाना पड़ा तो 80-85 साल वाले को बना देंगे। डरते हैं कि 50-55 साल वाला आया और ओवरटेक कर गया तो परिवार का क्या होगा। मोदी लगातार देश की राजनीति में ईमानदार युवाओं को आगे ला रहा है। इन परिवारवादियों ने देश को लूटा, अपनी तिजोरियां भरीं। मोदी ने खुद को जो तनख्वाह मिलती है, उसमें से भी जब मौका आया कुछ ना कुछ मैंने लोगों के लिए खर्च कर दिया है। इन्होंने महंगे-महंगे गिफ्ट लिए, उसके जरिए काले धन को सफेद बनाया। मोदी ने जो गिफ्ट लिए उसकी नीलामी होती है। अब तक करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपया इसी तरह लोगों की सेवा में लगा दिया है।

## गुजरात के कांग्रेस प्रमुख रहे मोढवाडिया भाजपा में शामिल



**अखंड भारत संदेश**

**गांधीनगर/कोलकाता**

देश में चुनावी सरगर्मी है। भाजपा 2 मार्च को 195 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर चुकी है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और शिवराज सिंह चौहान के नाम है। अगले 10 दिन में लोकसभा चुनावों का ऐलान हो सकता है। इससे पहले मंगलवार 5 मार्च को गुजरात कांग्रेस के पूर्व प्रमुख अर्जुन मोढवाडिया भाजपा का दामन थाम लिया। मोढवाडिया ने 4 मार्च (सोमवार) को कांग्रेस और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। मोढवाडिया के साथ कांग्रेस के वर्किंग प्रेसिडेंट रहे अंबरीश डेर ने भी भाजपा जॉइन कर ली। वहीं, कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने भी 5 मार्च को पद से इस्तीफा दे दिया। इसके कुछ घंटे बाद जस्टिस गंगोपाध्याय ने भाजपा जॉइन करने की घोषणा कर दी। वे 7 मार्च को भाजपा में शामिल हो सकते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जस्टिस गंगोपाध्याय ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुकी है। भास्कर को मिली जानकारी के मुताबिक, भाजपा जस्टिस गंगोपाध्याय को तामलुक से चुनाव लड़ा सकती है। इस बीच, वाराणसी से कांग्रेस सांसद रहे राजेश कुमार मिश्रा भी भाजपा में आ गए। मिश्रा को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में अरुण सिंह, रविशंकर प्रसाद और अनिल बलूनी ने पार्टी में शामिल किया।

**गांधीनगर में दोनों नेताओं को प्रदेश भाजपा प्रमुख ने पार्टी में शामिल किया**

गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटिल ने अर्जुन मोढवाडिया और अंबरीश डेर को राज्य पार्टी मुख्यालय कमलम में आयोजित समारोह में पार्टी में शामिल किया। मोढवाडिया और डेर ने 4 मार्च को राम मंदिर के उद्घाटन में न जाने के कांग्रेस के फैसले को पार्टी छोड़ने की वजह बताया था। बड़ी बात ये कि दोनों नेताओं ने पार्टी छोड़ने का ऐलान उस वक्त किया, जब 3 दिन बाद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरात पहुंचने वाली है। गुजरात में कुछ दिन पहले कांग्रेस के राज्यसभा मेंबर और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारण भाई राठवा बेटे और कई समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे।

**गुजरात के बड़े नेताओं में शुमार होते हैं मोढवाडिया, डेर**

अर्जुन मोढवाडिया (67) करीब 40 साल कांग्रेस से जुड़े रहे। वे पोरबंदर से आते हैं। वे गुजरात के कांग्रेस प्रमुख और विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रहे। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में मोढवाडिया ने भाजपा के कद्दावर बाबू बोखिरिया को हराया था। गुजरात विधानसभा में 182 सीटें हैं।

## संदेशखाली मामले की जांच करेगी सीबीआई: हाईकोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित संदेशखाली हिंसा मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने ईडी अधिकारियों पर हमला मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। उन्होंने आदेश दिया है कि मामले की जांच सीबीआई करेगी और आज मंगलवार शाम तक शेख शाहजहां को सीबीआई के हवाले करने को कहा है। सारे दस्तावेज भी सीबीआई के हवाले करने का निर्देश हाई कोर्ट ने दिया है। बनगांव और नजात थाने में दर्ज तीन प्राथमिकी की जांच सीबीआई करेगी जो पूरी तरह से ईडी अधिकारियों पर हमला मामले से संबंधित है। दरअसल, पांच जनवरी को राशन वितरण भ्रष्टाचार के मामले में ईडी की टीम शेख शाहजहां के घर छापेमारी करने पहुंची थी, जहां एकत्रित हुए हजारों लोगों ने केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में शाहजहां को मुख्य आरोपित बनाकर दावा किया था कि उसी के कहने पर लोगों ने हमले किए थे। उसके बाद से शाहजहां फरार हो गया था। आखिरकार 55 दिनों बाद पश्चिम बंगाल पुलिस ने कलकत्ता हाई कोर्ट के सख्त रुख अख्तियार करने के बाद उसे गिरफ्तार किया था।

## कांग्रेस ने ए राजा के बयान से किया किनारा, कहा- अस्वीकार्य

**अखंड भारत संदेश**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस पार्टी ने इंडी गठबंधन में उनके सहयोगी द्रमुक नेता ए राजा के भगवान राम और भारत एक राष्ट्र पर की गई टिप्पणियों से किनारा कर लिया है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि ए राजा का बयान निंदनीय है।



उल्लेखनीय है कि द्रमुक नेता ने हाल ही में अपने बयान में कहा था कि भारत एक राष्ट्र नहीं है। एक राष्ट्र की एक भाषा, एक संस्कृति और एक परंपरा होती है। पार्टी नेता ने भगवान राम और भारत माता पर भी टिप्पणी की थी। ए राजा के बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पत्रकार वार्ता में कहा कि वे उनकी टिप्पणियों से शत प्रतिशत असहमत हैं। वे इस मंच से ऐसे बयान की निंदा करती हैं। उनका मानना है कि राम सबके हैं और सर्वव्यापी हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को ऐसे बयान देने से बचना चाहिए।

## त्रिपुरा सरकार ने कर्मचारियों का बढ़ाया 5 फीसदी महंगाई भत्ता

**अखंड भारत संदेश**

**अगरतला:** त्रिपुरा की प्रो. डॉ. मानिक साहा सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों को मिल रहे महंगाई भत्ते में पांच फीसदी का आज इजाफा किया गया है। इस आशय की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. साहा ने त्रिपुरा विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन आज सदन को संबोधित करते हुए की।उन्होंने कहा कि त्रिपुरा सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता कर्मचारियों को बीते 1 जनवरी से दिया जाएगा। राज्य सरकार का इस पर 500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च होगा। यह बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता पेंशनभोगियों पर भी लागू होगा। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद त्रिपुरा के एक लाख छह हजार सरकारी कर्मचारियों तथा 82 हजार पेंशनभोगियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हमेशा ही अपने कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, जब कई राज्य अपने कर्मचारियों के वेतन की कटौती कर रहे थे, उस समय भी त्रिपुरा में कर्मचारियों को वेतन के साथ-साथ महंगाई भत्ते का नियमित भुगतान किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में तीसरी बार इस प्रकार से महंगाई भत्ते में वृद्धि की गई है

## कर्नाटक विधानसभा में लगे पाकिस्तान के समर्थन में नारे: गृहमंत्री

**अखंड भारत संदेश**

**नई दिल्ली:** कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने स्वीकार किया है कि 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के नतीजे के बाद राज्य विधानसभा में पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए थे। फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए परमेश्वर ने कहा कि रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए हैं। लोगों ने दो बार नारे लगाए हैं लेकिन प्रयोगशाला की रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि नारे किसने लगाए हैं। तीन लोगों की मामले में पहचान की गई है और उन्हें गिरफ्तार किया गया है।



गृहमंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस सरकार की शर्मिंदगी का विषय नहीं है। ऐसे नारे लगाने के लिए उन्हें पार्टी ने नहीं कहा। सरकार कानून का अनुपालन करेगी। कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की गलती पाए जाने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस उम्मीदवार नसीर हुसैन की राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद विधानसभा में पाकिस्तान समर्थक नारेबाजी के मामले में बेंगलुरु पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान हावेरी जिले के बयादागी के मोहम्मद नशीपुडी, बेंगलुरु के जयमहल इलाके के मुन्नवर अहमद और मोहम्मद इल्ताज के रूप में हुई।

## अवमानना: हरियाणा के मुख्य सचिव व गृह सचिव को नोटिस

### हरियाणा के पांच न्यायिक अधिकारियों ने दायर की

**अखंड भारत संदेश**

**गुरुग्राम:** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने प्रदेश के पांच न्यायिक अधिकारियों की अवमानना याचिका पर हरियाणा के मुख्य सचिव सहित दो अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने दोनों अधिकारियों से 21 मार्च तक जवाब मांगा है।



Sanjeev Kaushal T.V.S.N. Prasad

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुरुग्राम मनोज कुमार राणा और अन्य अधिकारियों ने नियुक्तियों को लेकर हाई कोर्ट के 20 दिसंबर के आदेश का पालन न करने पर अवमानमा याचिका दायर की है। इस मामले में जस्टिस राजबीर सहरावत की बेंच ने राज्य के मुख्य सचिव संजीव कौशल और गृह एवं न्याय विभाग के सचिव टीवीएसएन प्रसाद को नोटिस जारी कर 21 मार्च तक जवाब मांगा है। अपनी याचिका में अधिकारियों ने हाई कोर्ट के 20 दिसंबर के आदेश की जान-बूझकर अवज्ञा करने का आरोप लगाया है। कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति पर सिफारिशें राज्य सरकार के लिए बाध्यकारी हैं। साथ ही निर्देश दिया कि जिन 13 अधिकारियों को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों (एडीजे) के रूप में नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई थी, उनकी नियुक्ति दो सप्ताह के भीतर की जाए। विचाराधीन आदेश उन याचिकाओं पर आया, जिनमें हाई कोर्ट की सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने के सरकार के कदम को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट से फिर से नाम भेजने के लिए कहा गया था। सरकार का विचार था कि केंद्र से प्राप्त कानूनी राय के अनुसार हाई कोर्ट ने 30 नवंबर 2021 के एक प्रस्ताव के माध्यम से इन रिक्तियों को भरने के लिए मानदंड में संशोधन किया है। नियमों में संशोधन के लिए परामर्श की आवश्यकता अनिवार्य है। इसमें परामर्श नहीं हुआ था, इसलिए सरकार उच्च चयन समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं थी।

**फरवरी 2023 में एडीजे के लिए 13 नामों की थी सिफारिश:** फरवरी 2023 में एडीजे के रूप में नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट ने 13 नामों की सिफारिश की गई थी। सरकार ने नामों को अधिसूचित नहीं किया। इसे लेकर 6 सितंबर, 2023 को कुछ न्यायिक अधिकारियों ने न्यायिक पक्ष में हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और याचिकाएं दायर की गईं। इस पर 20 दिसंबर को दो सप्ताह के भीतर अनुशंसित अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश के साथ निस्तारण किया गया था। याचिका के अनुसार, सरकार के साथ-साथ कुछ असफल उम्मीदवारों ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। 13 फरवरी, 2024 को उपरोक्त सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी गईं, लेकिन उसके बाद भी नियुक्तियों को अधिसूचित नहीं किया गया है।

**जनवरी 2020 से हरियाणा में नहीं हुई कोई पदोन्नति:** जनवरी 2020 से हरियाणा में अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश के पद पर कोई पदोन्नति नहीं हुई है, जिससे फीडर कैडर में स्थिरता आ गई है। इसका पूरे कैडर पर प्रभाव पड़ेगा। अधिकारियों के वकील हर्ष चोपड़ा ने तर्क दिया था कि सरकार के इस कदम से अधिकारियों की वरिष्ठता पर भी असर पड़ने की संभावना है।

# विकासखंड जसरा व शंकरगढ़ में 45 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**अखंड भारत संदेश**

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना :




**जसरा।** विकासखंड जसरा व शंकरगढ़ के पैंतालिस जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत विकास खंड जसरा के परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल 59 जोड़े अपना अपना रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें 45 जोड़ों ने वैवाहिक बंधन में बंधकर साथ जीने मरने की कसमें खाई । इस अवसर पर विवाहित जोड़ों को सरकारी फंड से उपहार व प्रमाण पत्र दिया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी के न पहुंच पाने पर उनके प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह ने विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद व प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा सरकारी निधि से दस हजार रूपए तक के चांदी के समान व घरेलू सामान दिए गए। इस अवसर पर विकास खंड जसरा व शंकरगढ़ के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। विकास खंड जसरा के समाज कल्याण अधिकारी गुलजार सिंह ने बताया कि जसरा विकास खंड के 25 जोड़ों व विकास खंड शंकरगढ़ के 35 जोड़ों का विवाह होना था। जिसमें दोनों ब्लाकों के सात सात जोड़ों का विवाह पहले से ही होने के बाद भी रजिस्ट्रेशन कराया गया था। जिसे बाद में उन्हें अपात्र कर दिया गया। बीडीओ जसरा ने बताया कि 35000 रुपए दुल्हन के खाते में हस्तांतरित किया जाएगा। जबकि दस हजार रुपए के सामान दिए गए हैं। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी जसरा अनीश अहमद, खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ राम विलास राय, ब्लाक प्रमुख शंकरगढ़ निर्मला देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष दारा सिंह पटेल, प्रधान लिपिक आनंद श्रीवास्तव, सचिव जितेंद्र गौड़, श्याम लाल तिवारी, राजेश शर्मा, मनोज प्रजापति, हीरामन सिंह, विनोद कुमार सिंह,अमन मिश्रा, राकेश पाठक, भूपेन्द्र पाठक आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बृजेश बिन्द ने किया। विवाह के बाद दो लड़कियां देने गईं परीक्षाजसरा ब्लाक के पांडर गांव की साक्षी सोनकर व शंकरगढ़ ब्लाक के कोरारी गांव की ममता देवी को इंटर मीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होना था। जिसके लिए खंड विकास अधिकारी जसरा अनीश अहमद ने दोनों को प्रमाण पत्र देकर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए खुशी खुशी विदा किया।

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी पैनी नजर

**कौंधियारा।** लोकतंत्र के महापर्व को संपन्न कराने के लिए सभी सहयोग करें। ताकि लोक सभा का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। यह बातें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थाना प्रभारी कौंधियारा सी पी सिंह परिसर में आयोजित क्षेत्रीय जनों की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। और चौकी प्रभारी जारी विपिन कुमार वर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव महाशिवरात्रि, रमजान एवं होली को लेकर आपसी भाईचारा के साथ मनाएं। जारी पुलिस चौकी परिसर में प्रभारी निरीक्षक सी पी सिंह कौंधियारा के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक हुई। थाना अध्यक्ष ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से रमजान के संबंध में जानकारियां लीं। इस दौरान कहा कि सभी प्रमुख त्योहारों पर यदि कोई भी व्यक्ति गलत तरीके से सोशल मीडिया, मोबाइल और अन्य तरीके से अफवाह फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जएगी। बैठक में ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र के जन्प्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बीबीएस स्कूल में विज्ञान और कला पर प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**फाफामऊ।** गोहरी फाफामऊ स्थित बीबीएस इंटर नेशनल स्कूल में सोमवार को स्कूल प्रांगण में विज्ञान, कला वा अन्य विषयों पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से लेकर ग्यारहवी तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदर्शनी में नर्सरी के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के क्राफ्टो का प्रदर्शन किया गया। जिसमें आदित्य मिश्रा द्वारा हिंदी की मात्राओं द्वारा मॉडल और शिवांश सिंह द्वारा वेस्ट मटेरियल द्वारा घड़ी बनाई गई। भुविका सिंह द्वारा पर्यावरण जागरूकता के संबंध में बनाए गए साइकिल रिक्शा का मॉडल बहुत ही सराहनीय रहा। जूनियर शेसन द्वारा जेसीबी एवं डीजे मॉडल प्रदर्शनी में आकर्षक का केंद्र रहा। प्रदर्शनी में विज्ञान वर्ग के बच्चों द्वारा वर्किंग मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार स्कूल के अन्य छात्रों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किए गए जिसे लोगों ने खूब सराहा। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि ऋषि सहाय और रंजीत सिंह ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया। प्रदर्शनी कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्या अलका श्रीवास्तव, अतुल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## सोते समय रात को किशोरी गायब गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बडौरा निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उसकी सोलह वर्षीय लड़की 3 मार्च को रात लगभग एक बजे अचानक गायब हो गई। किशोरी को सघन तलाशने के बाद जब वह नहीं मिली तो मऊआइमा थाना में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है ।तथा परिजन किन्हीं अन्होनी से सहमे हुए हैं।

# टेबलेट और स्मार्टफोन पाकर खिले छात्रों के चेहरे



**शंकरगढ।** प्राइड कॉलेज आफ एजुकेशन अमरपुर भडिवार,शंकरगढ़ में बीटीसी छात्रों को निशुल्क टैबलेट व स्मार्टफोन का वितरण किया गया । कालेज में कुल अस्सी छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन टेबलेट वितरित किया गया ।स्मार्टफोन टेबलेट पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी पूंजी है जिसको जितना लगायेंगे उतना ही विकास होगा ।अगर आप लोगो को राजा की तरह जीना है तो गुलामी की तरह मेहनत करना अति आवश्यक है। उन्होंने मौजूद छात्र-छात्राओं से कहा कि अब आप लोग शिक्षा के बाद जीवन की नई शुरूआत करने जा रहे हैं। आपका भविष्य उज्जवल रहे ऐसी कामना कॉलेज परिवार कर रहा है ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ रामविलास राय मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इस योजना से बच्चों को शिक्षा लेने में और भी आसानी होगी आगे की शिक्षा लेने के लिए आधुनिक समय का यह यंत्र अति आवश्यक है। छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य कामना करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोग देश के भविष्य हैं। क्योंकि यह पढ़ाई पूरी कर आप अध्यापक बनने की ओर अग्रसर होंगे और बच्चों को शिक्षित कर देश की उन्नति में आप अपना भी योगदान देंगे। कॉलेज की डायरेक्टर गिरजा सिंह ने भी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद स्वरुप उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।कॉलेज की प्रधानाचार्य लाजमीत कौर ने बताया कि सरकार द्वारा दी गई निशुल्क स्मार्टफोन टैबलेट को 80 छात्र छात्रों में वितरित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन श्याम बाबू रजत ने किया ।इस मौके पर रोहित सिंह, संदीप सिंह, श्रवण कुमार विश्वकर्मा, मिथलेश कुमार सिंह, सहित कई शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि रमजान, होली को लेकर पीस कमेटी की बैठक



**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के उतरांव थाने में आगामी चुनाव एवं महाशिवरात्रि रमजान को लेकर थाना प्रभारी पंकज कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान सहित संभ्रांत लोग पहुंचे। सभी लोगों को आगामी त्यौहार पर आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए अपील कीऔर कहां कि किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसके लिए भी लोगों से जानकारी की। हालांकि क्षेत्र से पहुंचे संभ्रांत लोगों ने कहा कि कोई विवाद नहीं है सभी लोग भाईचारे के साथ महाशिवरात्रि,रमजान एवं होली पर्व मानते हैं। इस दौरान बैठक में थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने कहा कि शिवरात्रि के दिन क्षेत्र के शिव मंदिर पर पुलिस की पेट्रोलिंग रहेगी, कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। त्योहारों पर किसी तरह का हुड़दंग ना मचाए। रमजान पर्व पर कहा कि शरारती तत्व हमेशा आपसी भाईचारा बिगाड़ने की फिराक में रहते हैं कोई भी शरारती तत्व के बहकावे में ना आए और आपसी भाईचारा खराब ना करें। क्षेत्र में किसी भी तरह की घटना एवं दुर्घटना होने पर तुरंत डायल 112 पुलिस थाना पुलिस को सूचना दें। उन्होंने हिदायत दी की अशांति फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।उक्त अवसर पर अनिल प्रधान,सुनील यादव पूर्व प्रधान,डाक्टर कौशर अली, नागेंद्र सिंह उर्फ चच्चू, रामदीन भारतीया प्रधान बरेठी, बेलाल अहमद,दिलशाद अहमद,उदय राज यादव,बिपिन सिंह कहरा,अनिल पासी,राम सेवक पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## पौने चार मीटर चौड़ी सड़क निर्माण की शुरुआत

### मनरेगा पार्क से बैकुंठ धाम होते हुए कोल बस्ती तक डेढ़ किमी काली सड़क बनेगी : शहजादे



**कोरांव।** ब्लॉक कोरांव के ग्राम अल्हवा में स्थिति जनता से किए गए वायदों के अनुसार सड़कों का जाल बिछना शुरू हो गया है। पंचायत चुनाव संपन्न होते ही सोशल ऐक्टिविस्ट वरिष्ठ पत्रकार वर्तमान प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने गांवों की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है। ग्राम प्रधान ने डेढ़ किलो मीटर पक्की सड़क प्रयास करके पीडब्ल्यूडी से गांव के समग्र विकास हेतु स्वीकृति कराई जिसका शुभारंभ विधायक कोरांव राजमणि कोल ने भूमि पूजन के साथ किया। इसी तरह प्रधान ने ग्राम पंचायत मनरेगा आदि से मुख्य मार्गों का इंटरलॉकिंग आदि निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिससे आवागमन सुलभ हो सके। केडी रोड स्टेट हाइवे मार्ग से पूरब साइड हनुमानगंज मुख्य मार्ग को लिंक करने वाली सड़क में अल्हवा की उखड़ी हल्की काली सड़क की सेवटी नदी पर पुल सहित धुस जमुआ मुख्य मार्ग में जोड़ने के किए प्रस्ताव दिया है। जिसकी स्थलीय जांच नाप अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी एस के पांडेय आदि ने किया और प्रस्ताव स्टीमेट सरकार को भेजने की बात कही। उक्त रोड के पुलिया सहित बनने से महुली क्षेत्र के कई इलाकों से विद्यालय आने जाने वाले लोगों को कम से कम पांच किलो मीटर का भ्रमण कम हो जायेगा। और नदी के बाढ़ खतरे से जानलेवा घटनाओं में भी कमी हो जायेगी। प्रधान शहजादे के अनुसार ग्राम के विकास में लोग सहयोग करते रहेंगे तो निश्चय ही अल्हवा एक सुंदर ग्राम सभा दिखने लगेगा। ग्राम प्रधान ने बताया कि अल्हवा गांव में अभी बहुत सारे प्रोजेक्ट लगेंगे। पीने की पानी सींचने और कई मार्गों का निर्माण कार्य का शीघ्र निर्माण किया जाएगा।

## विधायक कोरांव ने दो सड़कों के निर्माण हेतु किया भूमि पूजन




**कोरांव।** सोमवार को विधायक भाजपा कोराव राजमणि कोल ने ग्राम पंचायत संसारपुर में संसारपुर से महुली को जोड़ने वाली सड़क व ग्राम पंचायत अल्हवा में मनरेगा पार्क से बैकुंठ धाम होते हुए आदिवासी बस्ती तक सड़क निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। इस दौरान ग्राम पंचायत संसारपुर में भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगो ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गंगा प्रसाद मिश्रा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा,बबुआन द्विवेदी , राजेश मिश्रा ,अहद अहमद सिद्दीकी शहजादे मुरारी लाल मौर्य मुख्तार अहमद रिंकू द्विवेदी सूर्यबली पाण्डेय संकर लाल शर्मा पवन पटेल हरिकृष्ण पटेल रामनिरंजन पटेल राम निरंजन सिंह मुन्नीलाल सिंह पटेल अल्हवा,हरिहर सिंह,शिवा कांत पटेल, रज्जब अली,उमाशंकर पांडे जावेद अहमद,अजीज अहमद सिद्दीकी,सूर्यदीन सिंह आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास आचार्य मनोज सिंह

**प्रतापपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे लाभार्थी संपर्क अभियान में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा चलाए गए विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए भाजपा वरुणा मंडल प्रभारी मनोज सिंह आचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश चहुंमुखी विकास के पथ पर अग्रसर है, आवश्यकता है कि लोकसभा चुनाव में देशवासी 400 से अधिक सीट जीताकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर राष्ट्र के प्रति कृतज्ञ हो एवं अपने उत्तरदायित्व का उचित निर्वहन करें जिससे देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो सके। वरुणा मंडल में प्रथम आगमन पर मंडल प्रभारी मनोज सिंह आचार्य को हरभानपुर में जिला मंत्री किसान मोर्चा रुद्र प्रताप सिंह, लतीफपुर मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा धर्मराज बिंद, वरुणा मंडल महामंत्री दीपक केसरवानी, दरियापुर लिलहट में मंडल मंत्री संजय कुमार पटेल, गडौर में प्रांजल त्रिपाठी के नेतृत्व में कमल पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया जिसमें तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# पुलिस की नजर से अब बच नहीं पाएंगे अपराधी : एसीपी

### थाना परिसर में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों संग एसीपी बारा व नवागत थाना प्रभारी ने की बैठक



**बारा/शंकरगढ़।** आगामी होली के त्यौहार और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शंकरगढ़ थाना परिसर में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ हुई बैठक में एसीपी बारा संतलाल सरोज संग नवागत थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने कहा कि अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अब पूरी तरह से तैयार है। अपराधी अपने आपको चाहे जितना चालाक समझे,अब वह पुलिस की नजर से बच नहीं पाएगा। एसीपी बारा संतलाल सरोज ने कहा कि अपराधियों पर नजर रखने के लिए क्षेत्र के सभी बाजारों में सीसीटीवी कैमरा लगवाना अतिआवश्यक है। इसके तहत सभी प्रमुख मार्गो, चौराहों,तिराहों और सार्वजनिक स्थलों पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। समय-समय पर पुलिस इन कैमरों से मिलने वाली फुटेज से निगरानी भी करेगी। उन्होंने कहा कि अपराध करके अब किसी का बच पाना मुश्किल होगा। वहीं नए थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने कहा कि होली का त्यौहार मिल जुलकर मनाएं। अपराध और अपराधी पर लगाम लगाना ही इनका मुख्य लक्ष्य है। इन्होंने चेताया कि अपराध करने वाले सुधर जाएं और समाज की मुख्यधारा से जुड़ कर समाज को आगे ले जाने में अपना योगदान दें, वरना इनकी जगह सलाखों के पीछे होंगी। बैठक में एसआई वीरेंद्र सिंह,यमुनापार व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता,यमुनापार व्यापार मंडल महामंत्री रतन केसरवानी, उपाध्यक्ष जय केसरवानी,व्यापार मंडल शंकरगढ़ अध्यक्ष अरविंद केसरवानी, सुजीत केसरवानी, प्रकाश चन्द्र गुप्ता, आबिद अली, नितेश केसरवानी,धीरज वैश्य, प्रधान शेर सिंह,ज्ञानेंद्र मिश्रा, गुलाब सिंह,परमेश्वर सिंह, राजेश केसरवानी, दीपक कुमार आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### राजराजेश्वरी दुर्गा माता मंदिर रधईपुर, महरछा का स्थापना दिवस मनाया गया



**जंघई।** रधईपुर, महरछा प्रयागराज मे स्थित राजराजेश्वरी दुर्गा माता मंदिर स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भक्तों द्वारा पूजन अर्चन आरती किया गया, स्थापना दिवस समारोह भव्यता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंदिर के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार राजमणि त्रिपाठी ने बताया कि हर वर्ष स्थापना दिवस मनाया जाता है, इस अवसर पर भंडारा महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने मां का पूजन अर्चन आरती किया एवं प्रसाद ग्रहण किया।

### हरे आम व महुए की लकड़ी काटने पर केस दर्ज, सात गिरफ्तार

**अखण्ड भारत संदेश**



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थानांतर्गतमांडा पहाड़ी से सात आरोपियों को ट्रैक्टर पर लदे डेढ़ ट्राली हरे आम व महुआ के अवैध लकड़ी, आधा दर्जन कुल्हाड़ी सहित गिरफ्तार कर वन सरंक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गौरतलब हो कि मांडा थाने के एसआई शैतान सिंह, कृष्णानंद राय, शहनवाज आलम ने हमराही सिपाहियो के साथ मांडा जंगल से श्री चन्द्र निवासी पियरी, सुकुरू , राजित , धर्मेन्द्र व नसीम अली निवासिगण कूदर, छोटे लाल निवासी पचेड़ा, राजेश कुमार निवासी दोहथा को 98 बोटा हरी लकड़ी, डेढ़ ट्राली जलौनी लकड़ी जिसमे 79 बोटा महुआ तथा 19 बोटा आम की लकड़ी, छह अदद कुल्हाड़ी, दो लोहे के संबल और एक ट्रैक्टर के साथ पकड़ा। वहीं सभी आरोपियों और बरामद लकड़ी ट्रैक्टर थाने लाकर मांडा पुलिस ने वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने से क्षेत्र में दहसत फैली हुई है।

### भाजपा द्वारा नारी शक्ति वंदन यात्रा का आयोजन




**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रतापपुर महिला मोर्चा के तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन यात्रा कार्यक्रम के तहत डॉक्टर पूनम सिंह पटेल कार्यक्रम संयोजिका, अनिता सिंह मंडल अध्यक्ष जंघई, दीपिका सिंह मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं के साथ पटेल हॉस्पिटल के पास से पैदल यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में संदीप गुप्ता मंडल अध्यक्ष जंघई, विवेक मिश्रा, विधानसभा महिला मोर्चा की महिलाएं, जिला एवं मंडल पदाधिकारी, महिला अधिवक्तागण, सामाजिक क्षेत्र मे कार्य कर रही महिलाएं, एनजीओ, स्वयं सहायता समूह एवं ब्लाक की कर्मचारी, खेलकूद नर्स की ट्रेनिंग कर रही तथा शिक्षिका बहनें मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 2 बजे पटेल हॉस्पिटल से पैदल यात्रा करके की गई जिसमे हम भारत की नारी है, फूल नहीं चिंगारी हैं, नारी शक्ति जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से पूरा छतौना बाजार गूंज उठा, पदयात्रा निकाल कर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण के लिए आभार और खुशी जताई जो आने वाले समय में सभी महिलाओं के लिए एक वरदान है।

# भाजपा सरकार कुछ दिन की मेहमान : पप्पू लाल निषाद



**कोरांव** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश पर विधानसभा कोरांव स्थित पार्टी कार्यालय में पप्पू लाल निषाद जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं नेताओं और पदाधिकारियों के संग बैठक कर आगामी होने वाले लोकसभा के चुनाव की समीक्षा किया ।इस मौके पर सपा नेता निषाद ने कहा कि जनता केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार से पूर्ण रूप से असंतुष्ट है जिस प्रकार से पुलिस भर्ती का रिजल्ट लीक हुआ यह नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया और किसान एमएसपी समेत अन्य मांगों को लेकर दिल्ली बॉर्डर पर पुलिस की लाठिया खा रहा है उसके वजह से किसान अक्रोशित है जिसका खामियाजा निश्चित रूप से सरकार को भुगतना पड़ेगा

बैठक की अध्यक्षता कर रहे सोमदत्त सिंह पटेल ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा की कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ होता है और यदि कार्यकर्ता निष्ठा से बूथ स्तर पर पार्टी के रीतियों और नीतियों को पहुंचाने का कार्य करता है तो केंद्र और प्रदेश में समाजवादी विचारधारा की सरकार को बनने से कोई रोक नहीं सकता ।बैठक का संचालन रविंद्र जैसल जाटव महासचिव विधानसभा कोरांव ने करते हुए उपस्थित लोगो का आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयशंकर भारतीय जिला उपाध्यक्ष ललन सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष कृपा शंकर बिंद जिला उपाध्यक्ष राजेश पांडेय जिला उपाध्यक्ष मेहताब खान नगर अध्यक्ष पवन पटेल सिंघाल जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी नितेश तिवारी जिला उपाध्यक्ष युवजन सभा मोहित यादव जिला अध्यक्ष छात्र सभा मंगला प्रसाद पाल जिलाध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ गीता पासी महासचिव महिला सभा हरि प्रसाद पाल ब्लाक अध्यक्ष रामानुज यादव प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रवेश कुशवाहा यादवेंद्र अहीर आशीष मिश्रा जोनल प्रभारी बंसराज यादव राजू यादव पुष्कर यादव पवन सोनकर केशरी कुशवाहा कमला देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्मार्टफोन पाकर बच्चों के चेहरे खिले किए सरकार की प्रशंसा

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** प्रयाग महाविद्यालय शिवमंगल नगर हेतापट्टी में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे छात्र-छात्राओं के उच्च शिक्षा के विकास एवं प्रयोग के लिए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित कर निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर आर डी तिवारी ने 117 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामना देते हुए अपने संबोधन में कहा स्मार्टफोन हो या लैपटॉप इन आधुनिक उपकरणों से आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर हम सभी को देश दुनिया से जोड़ने में सहायक हो रही है। छात्र-छात्राएं ऑनलाइन अध्ययन कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। प्रबंधक ने कहा कि आज का युवा शक्तिशाली होगा तो राष्ट्र के साथ समाज भी शक्तिशाली होगा। जिसके लिए कठिन परिश्रम, लगन व मेहनत करके नियमों का पालन करते हुए अपना व देश का भी भविष्य उज्जवल बनाएं। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या एवं को-ऑर्डिनेटर डॉक्टर मंजू लता सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कृष्ण मोहन त्रिपाठी ने किया। स्मार्टफोन पाकर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रसन्नता व्यक्त कर सरकार की सराहना करते हुए बताया कि सरकार की इस योजना से हम सभी को ऑनलाइन पढ़ाई में काफी सुविधा प्राप्त होगी। यह स्मार्टफोन हम लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी है। इस अवसर पर राकेश प्रसाद मिश्र, शिवदत्त तिवारी, राम आशीष मिश्रा, विकास यादव, रोहित केसरवानी, शैलेश द्विवेदी, रमेश कुशवाहा सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू 21 जगहों पर होगी नाकेबंदी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव में गड़बड़ी न हो इसे लेकर अभियान शुरू किया गया है। उपद्रव न हो इसे लेकर 21 स्थानों पर नाकेबंदी कराने का निर्णय लिया गया है। इन प्वाइंट पर पुलिस की विशेष टीमें तैनात की जाएंगी। हर आने-जाने वाले पर नजर रखी जाएगी। जिलों की सीमाओं पर चेक पोस्ट बनाकर चेकिंग की तैयारी है।चेकिंग टीमों का गठन किया जाने लगा है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने आला अफसरों संग बैठक कर चुनाव में सुरक्षा इंतजामों पर मंथन किया। डीसीपी सिटी दीपक भूकर समेत गंगा नगर और यमुना नगर के अफसरों संग हुई मीटिंग में वांछित चल रहे अपराधियों की धरपकड़ को अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।



**यहां बनाए जाएंगे चेक पोस्ट :** झूंसी, नैनी, मऊआइमा, फूलपुर, हंडिया, चाकघाट, घूरपुर, कोरांव, सोरांव, एयरपोर्ट थाना, बमरौली, धूमनगंज आदि इलाकों में चेक पोस्ट और बैरियर से घेराबंदी कर वाहनों की जांच कराई जाएगी। शहर के भीतर भी संवेदनशील स्थानों पर कुल 43 चेकपोस्ट बनाए जाने की तैयारी है। चेक पोस्टों पर विशेष पिकेट तैनात होंगे। मध्य प्रदेश में सटी हुई सीमा पर नाकेबंदी कराने का निर्णय लिया गया है।

**शहर देहात में रूट मार्च होते रहेंगे :** कमिश्नर ने सभी अफसरों को निर्देश दिया है कि शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में रूट मार्च किया जाना रहेगा। पुलिस, पीएसी और एसएसपी के जवानों का पैदल मार्च कराने का निर्देश दिया गया है। पुलिस अफसरों से कहा गया है कि वह तहसीलों के स्तर पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित कराएं।


## लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत वीडियो अवलोकन टीम को दिया गया प्रशिक्षण




**प्रयागराज।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्पन्न कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अन्तर्गत गठित वीडियो अवलोकन टीम को मगंलवार को अपरान्ह 04:00 बजे से कोषागार कार्यालय में प्रत्यूष कुमार, नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण तंत्र/मुख्य कोषाधिकारी, प्रयागराज एवं श्रीमती मधूलिका सिंह, सहायक नोडल अधिकारी, प्रयागराज द्वारा प्रथम प्रशिक्षण दिया गया।प्रथमतः नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण तंत्र/मुख्य कोषाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा राजनैतिक दलों/निर्दलीय प्रत्याशियों के निर्वाचन रैलियों/जनसभाओं से सम्बन्धित वीडियो निगरानी टीम, उड़नदस्ता टीम एवं स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा की गई वीडियो रिकार्डिंग को वीडियो अवलोकन टीम द्वारा सी0डी0 तैयार करना तथा व्यय से संबंधित मामलों और आदर्श आचार संहिता से संबंधित मामलों की पहचान के लिए वीडियो अवलोकन टीम द्वारा वीडियो निगरानी टीम, उड़नदस्ता टीम एवं स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा उपलब्ध कराई गई वीडियो सी0डी0 प्रतिदिन अवलोकित किये जाने के संबंध में भी अवगत कराया गया। उपरोक्त वीडियो अवलोकन टीम को निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया।

## न्यूज झरोखा

### श्रीराम कथा : बिना भक्त के भगवान हैं अधूरे : विनोदानंद जी



**करछना।** तहसील क्षेत्र के ताला गांव में मंगलवार को श्रीराम कथा के छठवें दिन विनोदानंद जी महराज ने कहा कि बिना भक्त के भगवान अधूरे रहते हैं। भगवान सिर्फ भाव के भूखे हैं। आडंबर की जगह सच्ची भक्ति सबको अपनानी चाहिए। कथावाचक ने कहा कि आने वाले समय में सिर्फ धर्म की ख्याति ही फैलेगी। ताला गांव में कथावाचक विनोदानंद जी महराज ने कहा कि केवट और राम की मित्रता आज सबके लिए उदाहरण है। गरीब और अमीर का फर्क नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चरण धुलने के बाद राम को केवट ने नाव पर बैठाया था। कार्यक्रम के दौरान शिव प्रसाद शर्मा, संदीप शर्मा ने अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान बालेंद्र गौतम, अजय पांडेय, सोनू मिश्रा, छोटकऊ, अजय , रमेश आदि उपस्थित रहे।

### उत्तरप्रदेशीय प्रा.शिक्षक संघ मऊआइमा ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञाप



**मऊआइमा।** मऊआइमा खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार पांडेय को दो सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष चिन्तामणि त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों का काम शिक्षा देना है। प्रदर्शन करना नहीं क्योंकि सरकार ने वार्ता करके आश्वासन दिया था कि आपकी मांगों पर जल्द कमेटी निर्णय लेगी.। लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। इससे उलट नित नये आदेश जारी हो रहे हैं बताया कि हर विद्यालय को दो टेबलेट ऑनलाइन कार्य हेतु दिए गये हैं किन्तु सिम आज तक नही उपलब्ध कराया गया।जिससे शिक्षकों को काफी परेशानी हो रही है।इस अवसर पर संघ के मंत्री मो सफी, कोषाध्यक्ष यशवंत भारतीय, राममिलन, विजय कुमार, संत लाल मौर्य, यासिर इकबाल, सैयद अब्बासी, पंकज श्रीवास्तव, कामिनी गौड़, संदीप वर्मा, रामजी तिवारी उदय सिंह यादव आदि मौजूद थे।

### मैजिक की जोर दार टक्कर से बाइक सवार की मौत

**करछना।** प्रयागराज थाना क्षेत्र के मझुआ गांव में सोमवार की रात मैजिक की टक्कर से बाइक सवार जटाशंकर (38) पुत्र विजय बहादुर निवासी मझुआ गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन उन्हें इलाज के लिए स्वरूप रानी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया बताया गया कि बेंदौ पनासा मार्ग पर सोमवार शाम मझुआ निवासी जटाशंकर अपनी बाइक से मार्केट जाकर घर का सामान लेकर लौट रहा था कि रास्ते में सामने से आ रही मैजिक गाड़ी तेज रफ्तार से जटाशंकर की बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर लगने से जटाशंकर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे परिजन आनन फानन में स्वरूप रानी अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जटाशंकर की मौत पर उनके परिजनों में कोहराम मचा रहा।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई मण्डलीय फल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी समिति की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

### अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में 09, 10 व 11 मार्च को आयोजित होगी मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त महोदय की अध्यक्षता में मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी समिति की बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई जिसमें उक्त प्रदर्शनी के आयोजन दिनांक-09, 10, व 11 मार्च 2024 को किये जाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, संयुक्त विकास आयुक्त, अपर जिलाधिकारी, नगर, नगर मजिस्ट्रेट, उप निदेशक उद्यान, आदि उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी में गमलों में लगे मौसमी फूल, शोभाकार हरे भरे पौध, कैक्टस एवं सकुलेन्ट पौधे, कटे गुलाब के फूल, कटे मौसमी फूल, पुष्प विन्यास, शाकभाजी, फल, खाद्य प्रसंस्करण के अन्तर्गत फलों से बने पदार्थ/प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, शहद, फोटोग्राफी एवं पेन्टिंग आदि की प्रतियोगिता होती है। बागवानी में रूचि रखने वाले लोगां द्वारा इस प्रदर्शनी में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शों के माध्यम से प्रतिभाग किया जा सकता है। गमलों से सम्बन्धित प्रदर्श 8 मार्च को प्रदर्शनी सायं 05:00 बजे तक प्रदर्शनी स्थल पर लाना होगा तथा अन्य प्रतियोगिताओं से सम्बन्धित प्रदर्श दिनांक-9 मार्च को प्रातः 10:00 बजे तक प्रतियोगिता स्थल पर लगे पण्डालों पर व्यवस्थित रूप से रखने होंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए निःशुल्क होगा। प्रदर्शनी को कुल-27 विभागों तथा लगभग 500 वर्गों में बाँटा गया है। प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्श लगाने वाले को प्रथम पुरस्कार के रूप में रू0-21000/-, द्वितीय पुरस्कार पाने वाले को रू0-11000/- एवं तृतीय स्थान पाने वाले को रू0-5100/- का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाले को रू0-300/- व द्वितीय स्थान पाने वाले को रू0-200/- का पुरस्कार दिया जायेगा। इस प्रदर्शनी में फूलों से निर्मित विभिन्न कलाकृतियाँ जैसे-गाय, हिरन, हाथी, तितली, मोर, शेर, कंगारू आदि आकर्षण का मुख्य केन्द्र होती हैं। सेना, एयर फोर्स व पी0एस0सी0 आदि के बैण्ड, एवं सायं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है साथ ही खान-पान के स्टाल, झूलों आदि की व्यवस्था की जाती है। प्रदर्शनी आम लोगों के सुबह 10:00 बजे से रात्रि 8:30 तक खुली रहेगी तथा पार्क के सभी गेटों से प्रवेश की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# नक्सली पति-पत्नी गिरफ्तार 5 साल से ढूंढ रही थी एटीएस

**प्रयागराज।** यूपी एटीएस ने मंगलवार को प्रयागराज से नक्सली पति-पत्नी को गिरफ्तार किया। कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिंदा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन को धूमनगंज थाना क्षेत्र से सुबह 5 बजे पकड़ा गया। दोनों यहां जयंतीपुर स्थित एक घर में किराए पर रह रहे थे। दोनों को पकड़ने के बाद एटीएस उन्हें अपने साथ लखनऊ ले गई। लखनऊ में दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। दोनों पर देश के कई राज्यों में नक्सली घटनाओं के षड़यंत्र में शामिल होने का आरोप है। कृपाशंकर और बिंदा सोना सहित अन्य लोगों के खिलाफ एटीएस ने 5 जुलाई, 2019 को मुकदमा दर्ज किया था। दोनों भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के पदाधिकारी हैं। कृपाशंकर खुद को प्रोफेसर बताकर छात्रों से मिलता था। इसके बाद उन्हें अपने जाल में फंसाता था। इसके पहले एटीएस ने दो अन्य आरोपियों मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव को 2019 में ही गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों के पास से मिले मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के जरिए कृपाशंकर और और बिंदा के बारे में पता चला था। जिसके बाद से एटीएस कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिंदा सोना उर्फ मंजू की तलाश कर रही थी।

**कुशीनगर का रहने वाला है कृपाशंकर : कई राज्यों में फैला है नेटवर्क :** कृपाशंकर सिंह मूल रूप से कुशीनगर का रहने वाला है। उसने देवरिया पॉलिटेक्निक से पढ़ाई की है। साल 2004 में वह छत्तीसगढ़ के रायपुर में बिनायक





सेन और उनकी पत्नी एलीना सेन के एनजीओ रूपान्तर से जुड़ कर काम कर रहा था। वहीं उसकी मुलाकात रायपुर की रहने वाली बिंदा सोना उर्फ मंजू से हुई। एनजीओ में काम करने के दौरान दोनों ने शादी कर ली। इसके बाद दोनों प्रतिबंधित नक्सली संगठन से जुड़ गए। संगठन के निर्देश पर साल 2007-08 में दोनों दिल्ली आ गए। फिर दिल्ली से 2009-10 में देवरिया, कुशीनगर के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों, मजदूरों और छात्रों के बीच संगठन का कार्य और माओवादी विचारधारा का प्रचार प्रसार करने लगे।

**नक्सल गतिविधियों से जुड़े सामान बरामद :** बिंदा सोना उर्फ मंजू और कृपाशंकर के पास से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मिली हैं। लैपटॉप से मिले दस्तावेजों से यह पता चला कि दोनों नक्सली संगठन चलाकर देश के खिलाफ साजिश रच रहे थे।


**गोल्डेन सहकारी आवास समिति लिमिटेड इलाहाबाद**

पता–
चक हरिहरवन लीलापुर रोड
(खान मार्केट) झूंसी प्रयागराज
पिन कोड–211019

रजि न–4515
पैन नं– AABAG69L

दिनांक – 04.03.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जा रहा है कि गोल्डेन सहकारी आवास समिति लिमिटेड इलाहाबाद का पुराना पता 135B/8N चक निरातुल इलाहाबाद से आम सभा दिनांक – 16.11.2023 के निर्णयानुसार, तत्काल प्रभाव से पता– चक हरिहरवन लीलापुर रोड (खान मार्केट) झूंसी प्रयागराज–211019 पर स्थानान्तरित हो गया है। मोहम्मद अफजल खान सभापति, मोहम्मद इमान अहमद अवैतनिक सचिव।


# विज्ञान और प्रौद्योगिकी में शुआट्स डिजाइन को भारत सरकार से मिला पेटेंट

### डॉ. सैम और डॉ. मैक्सटन ने 10 वर्षो की मेहनत से तैयार की डिजाइन



**नैनी।** नैनी सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज, प्रयागराज के सहायक प्रोफेसर डॉ. सैम ए मसीह और डॉ. एन मैक्सटन ने अपशिष्ट जल में मौजूद सूक्ष्मजीवों का उपयोग करके अधिकतम विद्युत क्षमता का उपयोग करने में सक्षम एक नवीन माइक्रोबियल ईंधन सेल असेंबली डिजाइन तैयार की, जिसे पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने अनुमोदित कर पेटेंट प्रदान किया। डॉ. सैम और डॉ. मैक्सटन ने एक अद्वितीय माइक्रोबियल ईंधन सेल असेंबली डिजाइन की है जो बायो इलेक्ट्रोकेमिकल सिस्टम पर काम करती है जो टिकाऊ बायोरेमेडिएशन और जैव ऊर्जा उत्पादन के लिए उपलब्ध भारी धातु पुनर्प्राप्ति का उपयोग करने के लिए कार्बनिक पदार्थ को कम करने के साथ-साथ बायोइलेक्ट्रिसिटी उत्पन्न करने के लिए सब्सट्रेट के रूप में माइक्रोबियल आबादी और कार्बनिक पदार्थ का उपयोग करती है। अपने शोध के दौरान, उन्होंने बायोफिल्म निर्माण को बढ़ाने के लिए कई इलेक्ट्रोड और उनके डिजाइन का परीक्षण किया है, जो मुख्य रूप से जैव बिजली उत्पादन के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने एक दशक से अधिक समय तक इस प्रणाली पर काम किया और कुशलतापूर्वक माइक्रोबियल विकास कैनेटीक्स और बायोफिल्म निर्माण को अनुकूलित किया। अब उन्होंने इस डिजाइन को एक कॉम्पैक्ट रूप में सुधार दिया है जिसे हरित ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ विषाक्त पदार्थ हटाने की संभावना की जांच करने के लिए औद्योगिक निर्वहन बिंदु पर लिया जा सकता है। उन्होंने एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं और कई सम्मेलनों में संबंधित कार्य प्रकाशित किए हैं। डॉ. मसीह और डॉ. मैक्सटन ने इस उपन्यास डिजाइन को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय में जमा किया और अगले 10 वर्षों की अवधि के लिए प्रमाणन प्राप्त किया। प्रो. बी. मेहरा (कार्यवाहक कुलपति) ने युवा वैज्ञानिकों को हरित ऊर्जा और बायोरेमेडिएशन के क्षेत्र में उनके नवीन आविष्कार के लिए बधाई दिया।

## हाईकोर्ट ने आजमगढ़ के गैंगस्टर की पत्नी की अपील को किया खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से आजमगढ़ के गैंगस्टर राजेंद्र यादव की पत्नी मीना देवी को तगड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने कहा है कि जब पत्नी के पास आय का स्त्रोत नहीं है तो वह संपत्ति कैसे खरीद सकती है। याची के पास ऐसा कोई ठोस तथ्य या रिकॉर्ड नहीं है कि कुर्क संपत्ति किसी अपराध के परिणामस्वरूप अर्जित नहीं की गई थी। न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव की पीठ ने मामले में डीएम आजमगढ़ की कार्रवाई को सही मानते हुए विशेष न्यायालय गैंगस्टर के आदेश को सही माना और मीना देवी की अपील को खारिज कर दिया। याची ने आजमगढ़ के विशेष न्यायालय गैंगस्टर के आदेश को चुनौती दी थी। विशेष न्यायालय ने याची की अपील को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि उसके पास आय का कोई जरिया नहीं है। लिहाजा, पति की ओर से ही उसके नाम संपत्ति लिखाई गई है।

# बिजली की छापेमारी पर अब होगी तीसरी आंख की नजर

**प्रयागराज।** बिजली चोरी रोकने या पकड़ने के लिए विजलेंस टीम की छापेमारी पर अब तीसरी आंख की नजर होगी। टीम की छापेमारी की पूरी गतिविधियां अब कैमरे में रिकॉर्ड होंगी। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन ने इस संबंध में बड़ा निर्णय लेते हुए जांच टीमों को बॉडी वार्न कैमरे से लैस करने का निर्णय लिया है। अब जांच दल की छापेमारी की पूरी कार्रवाई पर कंट्रोल रूम से निगाह रखी जा सकेगी। इससे उपभोक्ताओं की ओर से लगाए जा रहे आरोपों से विजलेंस की टीम को राहत तो मिलेगी ही, साथ ही प्रवर्तन दल के साथ हो रही मारपीट व विवादों की घटनाएं भी कैमरे में साक्ष्य के रूप में रिकॉर्ड हो जाएंगी।प्रयागराज में प्रवर्तन दल की दो टीमें अलग-अलग छापेमारी की कार्रवाई करती हैं। पिछले एक सालों में दर्जनों बार विजलेंस की टीम के साथ मारपीट की घटनाएं हुई हैं। वहीं, कई बार उपभोक्ताओं के घर चेकिंग करने पहुंची टीम कटियामारी या बिजली चोरी के अन्य तरीकों को साक्ष्य के रूप में पूरी तरह रिकॉर्ड नहीं कर पाती हैं। बाद में विवेचना के दौरान इसका फायदा बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं को मिलता है। जानकारी के मुताबिक बॉडी वार्न कैमरे में जीपीएस लोकेशन से लेकर ऑडियो-वीडियो सब स्वतः रिकॉर्ड होंगे।इस रिकॉर्डिंग से छापेमारी के दौरान विजलेंस टीम के साथ हो रही सभी घटनाओं के साक्ष्य एकत्रित हो जाएंगे। कैमरे की नजर में हो रही छापेमारी से उपभोक्ताओं के मन में तो भय पैदा ही होगा, साथ ही भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। जानकारी के मुताबिक विजलेंस की टीम को जल्द ही यह बॉडी वार्न कैमरे मिल जाएगा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से जल्द ही यह कैमरे भेजे जाएंगे। कहा जा रहा है कि कैमरे पूरी तरह से आधुनिक होंगे। यह आठ घंटे का बैटरी बैकअप देगा, ताकि रिकॉर्डिंग में किसी तरह की समस्या न आए। छापेमारी की पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी को रिकार्ड के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा। ताकि जरूरत पड़ने पर इसे साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। मुख्य अभियंता पीके सिंह ने बताया कि साक्ष्यों के रहने से किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो सकेगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कोखराज विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी।**

**(अल्पकालिक निविदा सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोखराज विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में कोखराज ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों में रीचार्ज सोकपिट निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है उपरोक्त कार्य की अनुमानित लगभग 3 लाख 80 हजार रुपए प्रस्तावित है ।

कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 07/03/2024 से 12/03/2024 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 14/03/2024 को 2 बजे दोपहर में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार होगा।

नीरज यादव
ग्राम विकास अधिकारी
कोखराज विकास खण्ड
सिराथू
जनपद कौशाम्बी

रमेश चंद्र
ग्राम प्रधान कोखराज
विकास खण्ड सिराथू
जनपद कौशाम्बी


# प्रशासन एवं प्रधान के अथक प्रयास से महोरी रीवा का खेल मैदान कार्य पूर्ण



**करछना।** विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत महोरी रीवा में प्रस्तावित खेलकूद मैदान का निर्माण कार्य प्रशासन एवं प्रधान के अथक प्रयास से बनकर तैयार हो गया लंबे समय से भूमि के विवाद के चक्कर में खेलकूद मैदान विवादों के घेरे में रहा है सरकार द्वारा इस ग्राम पंचायत में युवाओं को प्रतिभा को निखारने के लिए खेलकूद मैदान का निर्माण कराए जाने के लिए योजना प्रस्तावित किया था जो गांव के कुछ दबंग सारंग लोगों के कारण कई महीनो से विवादों के घेरे में रहा सरकारी जमीन पर दबंग का कब्जा हटाने में राजस्व विभाग के पसीने छूट गए कई एसडीएम आए और चले गए लेकिन भूमि का निस्तारण नहीं हो सका था अभी हाल में आई ए एस अधिकारी एसडीएम करछना जागृति अवस्थी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राजस्व टीम गठित कर के पूरी ताकत लगाकर पुलिस बल के साथ कार्य अंतिम पायदान तक पहुंचा करके दबंग से जमीन को कब्जा मुक्त कराकर सरकारी खेलकूद मैदान का निर्माण कार्य करा दिया, इस सराहनीय कार्य से ग्रामीणों ने आईएएस अधिकारी जागृति अवस्थी और एवं पुलिस प्रशासन को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है इस कार्य में गांव के प्रधान राजकुमार पटेल की संघर्षों की लड़ाई युवाओं के लिए समर्पित थी जो उन्होंने खेलकूद मैदान बनवाकर गांव में एक मिसाल कायम किया है उन्हें गांव के युवाओं एवं गामान्य लोगों ने बधाई देते हुए प्रधान की सराहना की।

# विकास की कडी मनरेगा योजना पूरी तरह ठप 7 माह से न मजदूरी और न ही मानदेय

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की अहम कड़ी में कारगर मनरेगा योजना दम तोड़ चुकी है विकास के कार्यों में मनरेगा योजना का एक अहम कार्य था जो धीरे-धीरे सरकार मजदूरों की मजदूरी एवं मनरेगा से जुड़े हजारों रोजगार सेवकों का विगत 7 महीने से मानदेय तक नहीं मिल सका है वही ग्राम पंचायत में कार्य करने वाले मनरेगा मजदूरों का भी लगभग 7 महीने का मजदूरी का भुगतान पैसे के अभाव में लंबित है इस योजना से जुड़े सभी लाभार्थी सरकार के इस रवैया से पूरी तरह टूट चुके हैं जैसा की सरकार की मंशा थी कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा से मजदूरों को कार्य के बदले रोजगार दिया जाना था लेकिन वही प्रत्येक विकास करो में कार्यरत सैकड़ो की संख्या से ज्यादा मनरेगा मजदूर विगत 7 महीने से अपने कार्य दिवस की मजदूरी के लिए ब्लॉक का चक्कर लगा रहे हैं साथ ही पंचायत में रोजगार सेवकों की नियुक्ति की गई है कि गांव का विकास कार्य के लिए लगाया गया है उनका भी 7 महीने से मानदेय सरकार नहीं दे सकी है तथा दम तोड़ रही मनरेगा से गांव में विकास का कार्य पूरी तरह तप हो गया है मनरेगा से जुड़े कमी ब्लाकों पर आना बंद कर दिए हैं गांव में काम करने की रुचि नहीं ले रहे हैं नतीजा लंबे समय से भुगतान सरकार द्वारा इन कर्मियों को न किए जाने से मनरेगा दम तोड़ चुकी है जनपद प्रयागराज के समस्त ब्लॉकों का

### ब्लाकों में मनरेगा से जुड़े कर्मी काम बंद करने को मजबूर

यही हाल है हजारों की संख्या में रोजगार सेवकों का मानदेय लंबित चल रहा है यहां तक ब्लॉक से लेकर जनपद एवं प्रदेश सरकार तक ज्ञापन के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की लेकिन उन्हें मानदेय नसीब नहीं हो सका यही हाल मनरेगा मजदूरों का है कि जनपद के सभी ब्लॉकों में कार्यरत मजदूरों की मजदूरी 7 महीने से कार्य दिवस की मजदूरी से न मिलने से वह आहत हैं।

## चेयरमैन पुत्र को शरारती तत्वों ने मारापीटा दी धमकी

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत के चेयरमैन शोएब अंसारी के पुत्र अजफर शोएब अंसारी अब्दुल कय्यूम मेमोरियल डिग्री कालेज के प्रबंध हैं। बताया गया है कि सोमवार को अजफर शोएब अंसारी शाम के समय वह मोहल्ला पूरे मियां जी में चाय की दुकान पर बैठे थे। आरोप है कि तभी शरारती तत्वों ने अजफर शोएब पर हमला करते हुए मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए। चेयरमैन शोएब अंसारी ने पुत्र को मारने वाले आरोपी मोहम्मद वैश पुत्र अनवर घूरघाट तथा तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कोखराज विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी।**

**(अल्पकालिक निविदा सूचना)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोखराज विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में संजय के घर से राजेन्द्र के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है कार्य की अनुमानित लागत 3 लाख 98 हजार रुपए प्रस्तावित है ।ग्राम पंचायत कोखराज में मेडिकल स्टोर से सुभाष के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है कार्य की अनुमानित लागत 3 लाख 98 हजार रुपए प्रस्तावित है कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 07/03/2024 से 12/03/2024 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13/03/2024 को 2 बजे दोपहर में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार होगा।

नीरज यादव
ग्राम विकास अधिकारी
कोखराज विकास खण्ड
सिराथू
जनपद कौशाम्बी

रमेश चंद्र
ग्राम प्रधान कोखराज
विकास खण्ड सिराथू
जनपद कौशाम्बी

# बैंकों में शासकीय योजनाओं की लम्बित पत्रावलियॉ में रूचि न लेने पर होगी कार्यवाहीः डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कई बैंकों के मैनेजर एवं समिति के कई अधिकारी अनुपस्थित पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नारजागी जताते हुये सभी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व अटल पेंशन योजना की समीक्षा की गयी जिसमें एसबीआई की प्रगति ठीक नही पायी गयी।

डेबिट कार्ड एवं मोबाइल बैकिंग सुविधाओं की समीक्षा में एलडीएम ने बताया कि दिसम्बर 2023 तक डेबिट कार्ड की संख्या 55233 व मोबाइल बैकिंग की संख्या 18251 है। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि स्वयं सहायता समूह ऋण खातों की फाइले 6 महीने से एसबीआई में पेन्डिग है और कोई भी कार्यवाही



अधिकारियों से साथ हुई बैठक में बोलते डीएम संजीव रंजन।

नही की जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जतायी और निर्देशित किया कि एसबीआई के बैंक मैनेजर के विरूद्ध कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकों के जिला समन्वयक/बैंक मैनेजर बैंकों में शासकीय योजनाओं की लम्बित पत्रावलियॉ में रूचि नही ले रहे है और लाभार्थियों को समय से लाभ नही मिल पा रहा है, जिलाधिकारी ने बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि अपनी कार्यशैली में सुधार लाये अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। एलडीएम ने बताया कि नाबार्ड द्वारा क्रियान्वित वृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई) योजना कृषि एवं कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की यह अनूठी योजना है, इस योजना का उद्देश्य पूरे देश में कृषि क्षेत्र हेतु आधारभूत संरचनाओं का विकास करना है। कोल्ड स्टोरेज, गोडाउन सहित अन्य कृषि संरचनाओं का निर्माण, इस योजना के पात्र है। योजनान्तर्गत पात्र इकाईयों को 25 प्रतिशत से 33.33 प्रतिशत तक सब्सिडी उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देशित किया कि जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक समय से आयोजित करें, सभी सम्बन्धित बैठक में प्रतिभाग करें जिससे लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय से मिल सके। डिस्ट्रिक कोआर्डिनेटर ऐसे लोग बनाये जाये जो बैंक मैनेजर से काम करा सकें और पत्रावलियॉ लम्बित न रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने शासकीय योजनाओं, जनपद का ऋण जमानुपात आदि के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, अग्रणी जिला प्रबन्धक गोपाल शेखर झा सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# अपने सेवा कार्यों से रोशनलाल उमरवैश्य ने हासिल किया यह मुकामः तृप्ता कौर

### समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य एलायंस क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर निर्वाचित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के समाज सेवा में अग्रिम भूमिका निभाने वाले जिले के समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य को कानपुर में हुए एलायंस क्लब इंटरनेशनल के कन्वेंशन में क्लब के 2024-25 के पदाधिकारी का चुनाव हुआ, जिसमें देश एवं विदेश के क्लब में पदाधिकारीयो ने सहभागिता की। चुनाव अधिकारी पूर्व इंटरनेशनल प्रेसिडेंट भूपेंद्र चाहवाला रहे।

चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होने पर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य को 2024-25 के लिए इंटरनेशनल डायरेक्टर के पद पर निर्वाचित हुए। इतने बड़े पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा चुनाव अधिकारी भूपेंद्र चाहवाला (गुजरात) ने किया। निर्वाचित होने पर क्लब के फाउंडर प्रेसिडेंट सतीश लाखोटिया ने माल्यार्पण कर रोशनलाल



कनवेंशन समारोह में मौजूद रोशनलाल उमरवैश्य व अन्य।

उमरवैश्य को बधाई दी। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के निर्विरोध इंटरनेशनल डायरेक्टर बनाए जाने पर क्लब की प्रेसिडेंट तृप्ता कौर जुनेजा, के जी अग्रवाल, इंटरनेशनल सेक्रेटरी डीएम भटनागर, विनय श्रीवास्तव, राजेश सिंह, डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न, राजीव कुमार आर्य, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद,विवेक यादव, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल आदि ने रोशनलाल को बधाई दी।

## हार्ट अटैक पड़ने से व्यापारी की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के पाईकगंज बाजार परियावां निवासी हरी मोदनवाल (58)वर्षीय कुछ दिन पूर्व अपनी स्कूटी से कही जाते समय पहिया दग जाने से अनियंत्रित होकर गिर पड़े थे जिनका दाहिना हाथ फैक्चर हो गया था। सोमवार को प्रयागराज यस हॉस्पिटल अपने बेटे के साथ गये थे जंहा चिकित्सको ने मंगलवार को आपरेशन करने के कहा जिस पर परिजन लोग वापस घर ला रहे थे कि अचानक रास्ते मे हरी के शरीर मे पसीना आना शुरु हो गया जिससे लोग घबड़ाने लगे और रास्ते मे कुंडा सीएससी मे चिकित्सक को दिखाया जंहा चिकित्सको ने एस आर एन के लिए रिफर कर दिया जंहा उपचार के दौरान मौत हो गई। शव के घर आने पर कोहराम मच गया मृतक की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। मंगलवार को नवाबगंज सोनामऊ गंगाघाट किनारे अंतिम संस्कार किया गया जिसमे पूर्व सदस्य जिला पंचायत कालाकांकर योगेंद्र सिंह सहित भारी संख्या मे ब्यापारीगण व रिश्तेदार मौजूद रहे।

## डिग्री कालेज कालाकांकर की प्रीती सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर के गृह विज्ञान विभाग मे असिस्टेंट के पद पर कार्यरत प्रीती सिंह को महाराजा अग्रसेन हिमालयन विश्व विद्यालय पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) से पीएचडी की उपाधि मिलने से शिक्षकों व छात्रों मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बता दें कि प्रीती सिंह ने अपना शोध कार्य डा छवि वर्मा मानविकी विज्ञान संकाय महाराजा अग्रसेन हिमालयन विश्वविद्यालय पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड के निर्देशन मे पुरा किया। इनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह व राजभवन कालाकांकर के मैनेजर डा घनश्याम यादव, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव, प्रो प्रदीप कुमार सिंह, प्रो सूर्यभान सिंह, प्रो विनीता सिंह, प्रो रामकरन, भूपेश प्रताप सिंह, एस पी सिंह चैहान, अब्दुल रज्जाक, अफसार अहमद सहित समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर हार्दिक बंधाई देते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

## घर में बंधे बकरी को स्कॉर्पियो सवाल उठा ले गए, विरोध पर युवक को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बेलसंडी गांव में घर में बाधी बकरी को अज्ञात स्कॉर्पियो सवार चोरों ने बीती रात खोल रहे थे। आहट पाकर मलिक जब उठा तो वह स्कॉर्पियो गाड़ी में लाद लिए थे। और उड़ैयाडीह की तरफ लेकर निकल गए जब उसका पीछा किया तो पृथ्वी रोड महोखरी गेट के पास गाड़ी रोक कर उसे मारा पीटा। कोतवाली क्षेत्र के बेलसंडी गांव के रहने वाले आशिक अली ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि रविवार की रात्रि 12 के आसपास उसके घर में बंधे बकरी को स्कार्पियो सवार ने खोलकर गाड़ी में रख लिए और जाने लगे आहट पाकर परिजन जब जागे तो देखा कि उड़ैयाडीह की तरफ लेकर जा रहे हैं। पीछा करने पर पृथ्वी गंज रोड महोखरी गेट के पास गाड़ी रोक कर युवक को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। और बकरी लेकर चले गए। पीड़ित ने मामले में प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच शुरू कर दिया है।


## पुलिस ने पांच लुटेरों को किया गिरफ्तार, तमंचा व नगदी बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के भटनी पट्टी तिराहा से जेठवरा पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्यवाही में पांच लुटेरे गिरफ्तार किये गये हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 12 देसी बम, फर्जी नम्बर की दो बाइक के साथ एक हजार रुपये बरामद किया गया है। बता दें कि बीते दिन नारायणपुर में एक व्यक्ति के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। साथ ही बीते दिन जनपद जौनपुर सिंगरामऊ में भी लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। बता दें कि जेठवारा एसओ धर्मेद्र सिंह और एसओजी प्रभारी सुनील यादव के नेतृत्व में सफलता मिली है।

## पढ़ने के साथ साथ खेल कूद से होता है मानसिक विकास

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के प्राथमिक विद्यालय अदलाबाद में स्कूली बच्चों को मानसिक विकास खेल कूद के जागरूक करने



कैरम बोर्ड के साथ प्रसन्न मुद्रा में स्कूली बच्चें।

के लिए विवेक मिश्र ने कहा कि हमने इसी प्राथमिक विद्यालय से शिक्षा ग्रहण किया। आज हमारी पुरानी यादें ताजा हो गई। उन्होंने आगे कहा कि पढ़ने के साथ खेल कूद करने से शरीर का मानसिक विकास होता है। सुशील कुमार मिश्र ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। उनके चतुर्भूज बनाने मे सयोग करना हमारी आप की जिम्मेदारी है। इस मौके पर समीक्षा मिश्रा, रोहित पाण्डेय, धीरेन्द्र मिश्र, डा मनोज पटेल प्रधान, अशोक पाण्डेय, भानु तिवारी, अकित मिश्र, निशा शुक्ल, संजय पाण्डेय, प्रभात तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# संदेशखाली प्रकरण में अभविप ने किया प्रदर्शन

### ममता सरकार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा आज मंगलवार को पं0 मुनीश्वर दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मुख्य गेट पर संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध ममता सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया एवं कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया।

अभाविप ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भवपूर्वक अपहरण



एमडीपीजी गेट पर ज्ञापन देते अभविप के पदाधिकारी।

कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है तथा इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

बता दें कि विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई वृहद् जनमानस के समक्ष आई है। टीएमसी के नेताओं द्वारा हिंदू कन्याओं का अपरहण कर अत्याचार एवं दुराचार करने के अनेक प्रकरण सामने आए हैं, जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। आज इसी संबंध में अभाविप प्रतापगढ़ द्वारा ममता सरकार का विरोध किया गया एवं राष्ट्रपति को पत्र लिख राज्य सरकार की प्रकरण में संलिप्तता की केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच करवाने, महिलाओं पर हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्मिता के हनन करने एवं संबंधित प्रकरण की शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी करने, पीड़ित महिला को निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराने, मनोवैज्ञानिक द्वारा मानसिक रूप से पीड़ित महिलाओं को सहायता दिलवाने एवं भय-मुक्त संदेशखाली बनाने में केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की मांग की है।

अभाविप द्वारा संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध पुडुचेरी में आयोजित केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत इंटर कालेज संयोजक रमेश सिंह पटेल ने कहा कि संदेशखाली प्रकरण में बंगाल सरकार की अनेक नेताओं की संलिप्तता दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला सहसंयोजक बाला जी ओझा ने कहा कि अभाविप, अपने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए प्रकरण को समाज तक पहुंचाने व बहनों को न्याय दिलाने हेतु देशव्यापी आंदोलन कर रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग कर रही है इस मौके पर अंकित शुक्ला, उत्पल मिश्र, अंजनी, श्वेता मिश्र, सुमित गुप्ता, सरफराज अहमद, रहमान, आमिर, अभय मिश्र, इलियाश, कुनाल सिंह, सौरभ पाण्डे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नौनिहालों को बांटा गया उपहार, खिले मासूम बच्चों के चेहरे

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय पट्टी प्रथम में समाजसेवी ने नौनिहालों को उपहार व मिष्ठान वितरित किया। बता दें तहसील क्षेत्र के परमीपट्टी गांव के रहने वाले समाजसेवी व गुजरात के प्रतिष्ठित व्यवसाई पंकज तिवारी विगत कई वर्षो से प्राथमिक विद्यालय पट्टी प्रथम के बच्चों के बीच उपहार देते रहे हैं। इस दौरान बच्चों को पठन-पाठन सामग्री के साथ ही मिष्ठान का वितरण किया जाता है, जिसे पाकर नौनिहालों के चेहरे पर अलग तरह की मुस्कान बिखरी नजर आती है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष



उपहार पाकर प्रसन्न मुद्रा में मासूम बच्चे।

पट्टी अशोक कुमार जायसवाल, प्रधानाध्यापक शिवपूजन पाण्डेय, जटाशंकर तिवारी, दयाशंकर तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी गुलाब सिंह, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, अजीत दूबे, शक्ति सिंह, राजेश दूबे, हिमांशु तिवारी, शिक्षिका ममता, शबनम समेत तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## आनंद पाण्डेय बने वकील परिषद के अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वकील परिषद के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए आनंद पांडे ने 75 मत पाकर अपने विपक्षी संतोष तिवारी को 55 मतो से हराया संतोष तिवारी 20 मत पाकर दूसरे नंबर तथा चन्द्र प्रकाश तिवारी 19 मत पाकर तीसरे स्थान पर तथा दिनेश तिवारी 14 मत पाए मंत्री पद हेतु विजय नाथ पांडे 109 मत पाकर 90 मत से विजयी हुए विपक्षी रामेंद्र बहादुर सिंह को 19 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार वकील परिषद के चुनाव में अध्यक्ष पद पर आनंद पांडे व मंत्री पद पर विजय नाथ



वकील परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

पांडे विजयी हुए अन्य सभी पदों पर निर्विरोध हुए है वकील परिषद के चुनाव में कुल 141 मत थे जिसमे 129 मत पड़े एक मत इनवैलिड रहा उपरोक्त जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी देवेंद्र प्रकाश ओझा दे दी तथा चुनाव को मुख्य चुनाव अधिकारी देवेंद्र प्रकाश ओझा तथा सहायक चुनाव अधिकारी विजय कुमार गुप्ता व विजय यादव ने संपन्न कराया। चुनाव सुबह 10 बजे से प्रारम्भ होकर तीन बजे समाप्त हुआ।

## स्कूल जाते समय शिक्षक से छिनैती का प्रयास, दी गई तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर से स्कूल जाते समय शिक्षक से बाइक सवार बदमाशों ने छिनैती का प्रयास किया। छीना झपटी में शिक्षक जमीन पर गिर पड़े, जिसमें वह घायल हो गए। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आते देख बाइक सवार बदमाश भाग निकले। पीड़ित ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर आरोपित बदमाशों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

कंधई थाना क्षेत्र के करमाही गांव निवासी तेज बहादुर सिंह प्राथमिक विद्यालय दांडी शंभूगंज थाना लम्भुआ में शिक्षक हैं। सोमवार की सुबह नौ बजे बाइक से विद्यालय जा रहे थे। इसी बीच कंधई थाना क्षेत्र के किशुनगंज बाजार के समीप एक बाइक पर तीन बदमाशों ने शिक्षक को धक्का दे दिया।और छिनैती करने का प्रयास किया गया।इस दौरान शिक्षक के शोर मचाने पर बाइक सवार बदमाश राहगीरों को आते देख फरार हो गए।घायल शिक्षक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहंडौर ले जाया गया। मामले में शिक्षक ने तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ कंधई थाना में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कंधई प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना से संबंधित मामले की जांच कराई जा रही है।

# महाशिवरात्रि पर राष्ट्रीय एकता महोत्सव में भोजपुरी सिनेस्टार अक्षरा सिंह मचायेगी धमाल

### पार्श्वगायक कलाकार रवि त्रिपाठी, हास्य कलाकार अशोक मिश्र, मीनू तिवारी भी होंगे आकर्षण का केन्द्र

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित तीन दिवसीय उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में देश के नामचीन कलाकारों का जलवा दिखेगा। महोत्सव का शुभारंभ सात मार्च को सायंकाल छह बजे क्षेत्रीय कलाकारों के प्रस्तुतियों के साथ होगा। इसके बाद आठ व नौ मार्च को रात भर नामचीन कलाकार मंच संभालेंगे। आठ मार्च को सुबह आठ बजे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी बतौर मुख्य अतिथि प्रातःकालीन कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे।

विधायक व कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रमों में प्रख्यात भजन गायक श्रीराम द्विवेदी, संदीप के संयोजन में सांस्कृतिक मंच पर विविध कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे। महोत्सव के सायंकालीन कार्यक्रमों का उदघाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजीव रंजन व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल करेंगे। इसके पश्चात मंच पर मुम्बई की भोजपुरी फिल्मों की सिनेस्टार अक्षरा सिंह धमाल मचायेगी। अक्षरा सिंह के कार्यक्रम के बाद मुम्बई के पार्श्वगायक कलाकार रवि त्रिपाठी मंच संभालेगे। इसी क्रम में हास्य कलाकार अशोक मिश्र का कार्यक्रम भी लोगों को देखने को मिलेगा। इसके साथ ही अवधी लोकगायन व शिव महिमा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। महोत्सव के तीसरे दिन नौ मार्च की शाम उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के तत्वाधान में मीनू तिवारी व साथी कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। इसके बाद राष्ट्रीय एकता का कार्यक्रम दिल्ली से आये कलाकार प्रस्तुत करेंगे। संस्कृति विभाग द्वारा फूलों की होली व मथुरा का मयूर नृत्य भी लोगों के आकर्षण का केन्द्र होंगे। इसके पश्चात कई अन्य रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। राष्ट्रीय एकता महोत्सव आयोजन समिति की देखरेख में राष्ट्रीय एकता महोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं।

## युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, पत्नी समेत तीन बच्चे हुए अनाथ, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सूरत शहर में नौकरी पर जा रहे युवक को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई सूचना घर पहुंची तो घर पर कोहराम मच गया। आसपुर देवसरा के पूरे दलपत शाह गांव निवासी अखिलेश विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष अपनी पत्नी सन्तोषा देवी बेटी खुशी, मुस्कान, व पालक के साथ गुजरात के सूरत शहर में रहकर एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था।

सोमवार की रात 8.30 बजे निवास से 800 मीटर दूर स्थित कंपनी में पैदल ही जा रहा था। मुंबई बड़ोदरा हाइवे को पार करते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी सूरत में ही रह रहे उसके छोटे भाई विमलेश को हुई तो वह मौके पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अखिलेश के का शरीर छत विछत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अखिलेश के शव का सूरत शहर में ही अंतिम संस्कार देर शाम कर दिया गया। पिता छोटेलाल मां अमरावती देवी के साथ परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। छोटे लाल के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा अखिलेश और छोटा बेटा विमलेश। दोनों बेटे सूरत में ही रहते थे। बड़े बेटे की मौत से मां-बाप के बुढ़ापे का सहारा तो छीन ही गया साथ में मृतक के पत्नी व तीनों बेटियां अनाथ हो गई।

## इंटर भौतिक विज्ञान व शिक्षा शास्त्र परीक्षा का जायजा लेने कालाकांकर पहुँचे डीआईओएस

### भौतिक विज्ञान में आठ व शिक्षाशास्त्र में दो परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड द्वारा संचालित हाई स्कूल व इंटर की भौतिक विज्ञान व शिक्षा शास्त्र की परीक्षा मे दूसरी पाली मे हनुमत इंटर कॉलेज कालाकांकर के परीक्षा केंद्र पर सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने अपने सहयोगी नसरत अली के साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केंद्र पर अफरा तफरी मची रही। भौतिक विज्ञान मे 118 परीक्षार्थी मे 8 अनुपस्थित व शिक्षा शास्त्र मे 52 परीक्षार्थियों मे 2 अनुपस्थित रहे शांति पूर्ण ढंग से चल रही परीक्षा से संतुष्ट नजर इसके बाद अपने गतव्य के लिए रवाना हो गये। इसी क्रम में उक्त परीक्षा केंद्र पर मंगलवार को प्रथम पाली हाई स्कूल की गृह विज्ञान की परीक्षा में 107 परीक्षार्थियों में 11 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। केंद्र ब्यवस्थापक कैप्टन शमशाद अहमद अपनी टीम के साथ बीच बीच मे कमरों का निरीक्षण करते रहे सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रवीन कुमार श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ जनता इंटर कालेज आलापुर हनुमत इंटर कालेज कालाकांकर व जनता इंटर कालेज कुसुवापुर व चंद्र गुप्त मौर्य इंटर मीडियट कालेज मानिकपुर का औचक निरीक्षण किया जंहा शांति पूर्ण ढंग से चल रही परीक्षा की जानकारी दिया।

# बारात से वापस लौट रही कार सड़क पर खड़ी ट्रक से टकराई 3 की मौत

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** शादी समारोह से वापस लौट रहे कार सवारों की कार कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा के पास होटल के बाहर सड़क पर खड़ी ट्रक से टकरा गयी हैं हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए टक्कर होते ही कार में कोहराम मच गया हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई इस हादसे में कार चालक सहित तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई है और हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मौके पर कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार से सोमवार शाम बारात फतेहपुर जनपद के हथगांव गई हुई थी। मंगलवार की भोर में बारात की गाड़िया वापस लौट रही थी कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा गांव के पास नेशनल हाइवे पर खड़ी ट्रक के पीछे बारात की टवेरा कार की जोरदार टक्कर के साथ भिड़ंत हो गई। ट्रक चालक सड़क पर ट्रक खड़ी करके होटल में खाना खाने चला गया था सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में कार चालक ट्रक के पीछे टकरा गया जिसके चलते बड़ा हादसा हुआ है ट्रक चालक की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है हादसे में मासूम बच्ची समेत 11 लोग घायल हो गए आनन फानन में घायलों को मंझनपुर स्थित जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर डॉक्टर ने मासूम बच्ची समेत तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया,वही 4 लोगों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। जबकि अन्य लोगों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए भेज दिया है। इस हादसे में चालक इरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र राम चन्द्र शर्मा निवासी पिपरी वा देवांशी 2 वर्ष पुत्री त्रिपुरारी निवासी सराय ईनायत प्रयागराज वा दीपक वर्मा 42 वर्ष पुत्र योगश वर्मा निवासी रीवा की दर्दनाक मौत हो गयी है हादसे में नवीन कुमार पुत्र गुरु चरण वा रामबाबू पुत्र राधेश्याम वा राजू सोनी पुत्र बबलू निवासी फैजूपुर करारी वा फूल कली पत्नी हरिमोहन वा अर्चना सोनी पत्नी त्रिपुरारी वा गंगा देवी पत्नी गंगा मोहन वा बेबी देवी पुत्री त्रिपुरारी हनुमान गंज वा राज कुमार गंभीर रूप से घायल है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे में आठ लोग हुए गंभीर रूप से लहूलुहान, सड़क पर ट्रक खड़ी करके होटल में खाना खाने गए चालक खलासी की वजह से हुआ गंभीर हादसा



### ढाबे के बाहर सड़क पर खड़ी ट्रक बनती है हादसे का कारण

**कोखराज कौशाम्बी।** राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित ढाबों के बाहर खाना खाने वाले ट्रक चालक और खलासी ट्रक को सड़क पर खड़ा कर देते हैं और खाना खाने ढाबे पर चले जाते हैं तमाम ढाबा मालिक के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है जिससे सड़क पर खड़े ट्रक के चलते अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं यदि सड़क पर ट्रक ना खड़ी होती तो बारात से लौट रहे कार सवार दुर्घटना के शिकार ना होते आखिर सड़क पार्किंग स्थल कैसे बन गई है स्थानीय थाना पुलिस और यातायात पुलिस भी ढाबे के बाहर सड़क को पार्किंग बनाने वाले ट्रक चालकों पर कार्यवाही नहीं करती है जिससे दुर्घटनाएं होना आम बात होती जा रही है सड़क पर ट्रक खड़ी करके होटल में खाना खाने गए चालक खलासी की वजह से गंभीर हादसा हुआ है सड़क पर ट्रक खड़ी करके पार्किंग बनाने वाले ट्रक चालक और ढाबा संचालकों पर लगाम लगाए जाने की जरूरत है लेकिन पुलिस इन पर लगाम लगाने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रही है जिससे दुर्घटनाओं में कमी होती नहीं दिख रही है।

# बाइक सवार भाई बहन को कार ने मारी टक्कर दोनों घायल

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरुआ गांव के पास एक तेजरफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार भाई बहन गंभीर रूप में घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी की मोटरसाइकिल सवार दोनो दूर जा गिरे जिससे मोटरसाइकिल को चला रहे युवक का पैर टूट गया और पीछे बैठी युवक की बहन को भी गंभीर चोट आई है। दुर्घटना को देखकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय थाने में दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को 108 एम्बुलेस से इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक दुर्घटना में घायलों की पहचान रमन तिवारी पुत्र सुरेश कुमार व सरिता तिवारी पुत्री सुरेश कुमार निवासी ग्राम जलालपुर शाना थाना चरवा के रूप में हुई है। दुर्घटना के कारणों की लिखित शिकायत सुरेश कुमार ने चरवा थाना प्रभारी से करते हुए बताया की उसका लड़का रमन और लड़की सरिता अपनी पल्सर बाइक पर सवार होकर फतेहपुर से अपने घर आ रहे थे तो जैसे ही वे लोग बेरुआ चौराहे के पास पहुंचे तो इतने में चरवा की तरफ से आ रही कार जिसका चालक दीपक शुक्ला पुत्र राम लखन ग्राम मोहड्डी पुर थाना कौशाम्बी जो शराब के नशे में कार को लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार में चला रहा था जिसने रमन की बाइक में जोरदार टक्कर मर दिया ।जिससे सुरेश कुमार का बेटा रमन और बेटी सरिता दोनो चोटिल हुए हैं। इस दुर्घटना में रमन के दाहिने पैर और शरीर पर गंभीर चोट आई है।



# रेल लाइन के पास दो टुकड़ों में मिली लाश

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अमनी लोकीपुर गांव के पास हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पर एक युवक की दो टुकड़ों में लाश मिली है मौके पर खून के निशान नहीं है मृतक युवक के शरीर के कपड़ों शर्ट पैंट और गमछा में भी खून के निशान में नहीं है हालांकि थाना पुलिस इसे आत्महत्या करार देने पर उतावली है आसपास के दुकानदारों ने भी युवक की मौत को आत्महत्या बता कर घटना को नया मोड़ देने का प्रयास किया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की पहचान राजू उम्र 32 वर्ष पुत्र रामचंद्र निवासी आलम चंद्र थाना संदीपन घाट के रूप में हुई है मृतक की शादी के बाद उसकी पत्नी से विवाद चल रहा था और पत्नी ससुराल छोड़कर के सिराथू क्षेत्र के चतुरीपुर गांव अपने मायके चली गई थी मृतक रोजी-रोटी के चक्कर में मुंबई में लांड्री का काम करता है दस दिन पहले मृतक गांव लौटा था जिस पर पत्नी और बच्चे मृतक के घर पहुंच गए दंपति के बीच काफी विवाद हुआ मामले की तहरीर भी स्थानीय पुलिस चौकी को दी गई लेकिन पुलिस मामले का निपटारा नहीं कर सकी मंगलवार को युवक का दो टुकड़े में शव रेल लाइन पर मिलने के बाद मृतक की पत्नी ने आत्महत्या किए जाने के तहरीर दी है मृतक की पत्नी की तहरीर पर थाना पुलिस ने भी आत्महत्या की बयान बाजी शुरू कर दिया है रेल लाइन पर दो टुकड़ों में मिले युवक की लाश घटना स्थल पर खून का ना होना टी-शर्ट पैंट और गमछा में कपड़ों में खून के न होने के बाद पुलिस के बयान बाजी पुलिस वर्दी को शर्मसार कर रही है मृतक के शरीर में भी कहीं खून के निशान नहीं है अपराधियों के सामने संदीपन घाट थाना पुलिस नतमस्तक दिखाई पड़ रही है युवक की मौत के मामले में तमाम अनसुलझे सवालों का जवाब देने से थाना पुलिस बचती नजर आई है युवक की मौत के बाद अनर्गल बयान बाजी करने वाले घटनास्थल के पास मौजूद दुकानदार की गतिविधियों पर पुलिस ने सूक्ष्म जांच की तो युवक की मौत से पर्दा उठेगा। दंपति के विवाद का मामला स्थानीय पुलिस चौकी तक पहुंचा था लेकिन मामले का निस्तारण नहीं हो सका महिला के पक्ष में पहुंचने वाले कई लोग थे महिला के साथ पुलिस चौकी पहुंचाने वाले लोगों की गतिविधियां युवक की मौत का राज खोल सकती है घटनास्थल के परिस्थिति जन्य साक्ष्य कह रहे हैं कि कहीं अन्यत्र घटना को अंजाम दे कर शव ठिकाने लगाए जाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता 20 वर्षों पहले ससुराल छोड़कर मायके जाने वाली पत्नी संपत्ति बंटवारे के लिए युवक पर दबाव डाल रही थी युवक की मौत के मामले को पुलिस आला अधिकारियों को स्वत संज्ञान लेकर परिस्थिति जन्य साक्ष्य के साथ सूक्ष्म जांच कर युवक की मौत से पर्दा उठाना होगा।

मौत के बाद मौके पर नहीं है खून फिर भी पुलिस आत्महत्या बताने पर उतावली

मौत से पहले यदि सिर में बंधा होता गमछा तो ट्रेन हादसे के बाद गमछे में कैसे नहीं लगा होता खून शर्ट पैंट में भी नहीं लगा खून



## वाचस्पति के चेहरे की मुस्कुराहट बता रही है कि उनका लोकसभा टिकट है पक्का

# कौशांबी लोकसभा क्षेत्र में जगह-जगह हुआ वाचस्पति का स्वागत

**कौशाम्बी।** जिले की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाले वाचस्पति कौशांबी लोकसभा क्षेत्र में मंगलवार को भ्रमण कार्यक्रम में निकले इस दौरान कार्यकताओं ने जगह-जगह पर उनका भव्य स्वागत किया है कार्यक्रम के दौरान उनकी बातचीत और चेहरे की मुस्कुराहट देखकर यह लगता है कि कौशांबी लोकसभा सीट से भाजपा ने उन्हें सांसद का टिकट देने का पूरी तरह से आश्वासन दे दिया है केवल औपचारिक घोषणा बाकी रह गई है उनके चेहरे की मुस्कुराहट देखकर कार्यकताओं में भी जोश दिखाई पड़ रहा है। विधानसभा बारा के विधायक वाचस्पति द्वारा लोकसभा कौशांबी का मंगलवार को भ्रमण कार्यक्रम किया गया भ्रमण कार्यक्रम कर एक साथ संदेश देना चाहते हैं उनका स्वागत रसूलाबाद उर्फ कोइलाहा में अनिल पासी के नेतृत्व में हुआ कजीपुर में जय प्रकाश ग्राम प्रधान एवं भैयान पासी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया मूरतगंज में जिला पंचायत सदस्य राम नरेश के नेतृत्व एवं प्रधान द्वारा माल्या अर्पण कर स्वागत किया गया सांयरा में मेरा आंगन होटल के मलिक डबबू एवं रवि केशरवानी और नन्हे पासी के नेतृत्व में स्वागत हुआ इसके बाद मां शीतला का दर्शन कर आशीर्वाद लिया अजुवा में व्यापारियों द्वारा वाचस्पति का स्वागत किया गया करनपुर सौरई में कार्यकताओं ने स्वागत किया एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अनिल गौतम द्वारा स्वागत किया गया करारी में अपनादल यस के कार्यकताओं द्वारा तिल्हापुर मोड में राज गौतम एवं सुनील केशरवानी द्वारा स्वागत किया गया चायल में शेखर गौतम एवं बिहारी पूर्व प्रधान द्वारा जोरदार स्वागत किया गया सर्वजीत प्रधान गेरिया खालसा आदि लोगो ने स्वगात किया कौशांबी लोकसभा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान वाचस्पति के साथ अतुल द्विवेदी पूर्व प्रत्याशी चायल, सोनू पासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख चायल, वीरेंद्र पासी पूर्व जिला सदस्य प्रयागराज, राजू पासी चरवा, आदि लोग उनके काफिले में उपस्थित रहे।





# गहमागहमी के बीच संपन्न हुई नगर पालिका भरवारी की बोर्ड की बैठक

**कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी बोर्ड कमेटी की बैठक गहमागहमी के बीच सकुशल संपन्न हो गई,बैठक में शामिल सभी वार्डो के सभासदों एवम महिला सभासदों ने अपने अपने वार्डो में जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए कार्यों के प्रस्ताव दिए।नगर पालिका परिषद भरवारी में पिछले साल चुनाव हुआ था,जिसके बाद शपथ ग्रहण के तत्काल बाद पहली बोर्ड की बैठक हुई थी,जिसमे सभी वार्डो के सभासद एवम महिला सभासदों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रस्ताव के रूप में अध्यक्ष और ईओ को सौंपे थे।पहली बोर्ड की बैठक के बाद से नगर पालिका में दो ईओ बदल गए लेकिन विकास कार्यों में अध्यक्ष और सभासदों की सहमति नहीं बन पाई,जिसके चलते आपसी खींचतान बनी हुई थी। नवागत ईओ राम सिंह एवम अध्यक्ष कविता पासी ने नगर क्षेत्र में कराए जाने वाले विकास कार्यों के लिए सभी वार्डो के सभासदों से कार्यों के प्रस्ताव मांगने हेतु सोमवार को बोर्ड की बैठक बुलाई,बोर्ड की बैठक लगभग तीन घंटे चली,बोर्ड की बैठक में पहुंचे सभासदों ने अपने अपने वार्डो में पूर्व में दिए गए कार्यों के प्रस्ताव को लेकर चर्चा की।जिसमे काफी गहमागहमी रही। इस दौरान सभी वार्डो के सभासदों ने लगभग 10 करोड़ से अधिक के कार्यों के प्रस्ताव दिए है।वार्ड नंबर 24 की सभासद बागीशा केसरवानी ने जनहित में आरओ पानी की सप्लाई बंद न करने और उसका मूल्य निर्धारण कर अनवरत जारी रखने के लिए पुरजोर से आवाज उठाई, जिसपर अध्यक्ष एवम ईओ ने एक सप्ताह में निर्णय लेने के लिए कहा है। पिछली बैठक में दिए गए प्रस्ताव को पुनः नए एजेंडा रजिस्टर में दर्शाकर महिला सभासदों को गुमराह कर हस्ताक्षर करा लेने की जानकारी जब सभासदों को हुई तो सभासद सानू कुशवाहा,शंकर लाल केसरवानी आदि ने बिना किसी को बताए ऐसे हस्ताक्षर कराने का पुरजोर विरोध किया और कुछ सभासदों ने उस एजेंडा रजिस्टर पर हस्ताक्षर नहीं किया।बोर्ड की बैठक को संबोधित करते हुए ईओ राम सिंह एवम अध्यक्ष कविता पासी ने कहा कि बोर्ड की बैठक में सभासदों द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर सहमति बन गई है,सभी वार्डो में विकास कार्य एवम जन समस्याओं के निस्तारण के कार्य कराए जाने है जिसके लिए जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया की जायेगी। इस दौरान सभासद शंकर लाल केसरवानी, शादाब अहमद, सानू कुशवाहा, विक्रम सिंह, महिला सभासद बगीशा केसरवानी, हेमा केसरवानी, सभासद प्रतिनिधि तुषार केसरवानी, शंकर लाल, सुनील कुमार, राजू भर्ती सहित सभी सभासद एवम सभासद प्रतिनिधि मौजूद रहे।

10 करोड़ से अधिक के कार्यों का दिया गया प्रस्ताव




### हटा लो मुकदमा नहीं कर देंगे हत्या!

**कौशाम्बी।** महेंद्र चौहान की पुणे महाराष्ट्र में हुई हत्या का मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद उसकी भाभी से मुकदमा हटाने का दबाव बनाया जा रहा है जब मुकदमा हटाने के लिए महिला तैयार नहीं हुई तो उसकी हत्या करने की धमकी दी जा रही है मामले की शिकायत महिला ने चरवा पुलिस से की है चरवा थाना क्षेत्र के हरदुआ खास गांव की सोनी देवी पत्नी सुलेश चौहान ने शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि देवर महेंद्र चौहान पुत्र इन्द्रजीत पूणे महाराष्ट्र में रहकर काम करता था। साथ में राहुल व सोनू पुत्रगण रमेश चौहान निवासी मेजा तानी कुंडकी गांव जनपद प्रयागराज भी परिवार सहित काम करते थे। 18 फरवरी को राहुल अपने लड़के के जन्मदिन पर अपने बहनोई मिथिलेश उर्फ डब्लू पुत्र लल्लन सिंह चौहान निवासी हरदुआ खास को भी जन्मदिन पर पूणे महाराष्ट्र बुलाया था। मिथिलेश अपने गांव के श्रवण सिंह पुत्र देशराज व पंचू सिंह पुत्र हरिश्चंद्र व छेद्दू उर्फ राजेश सिंह पुत्र मिठाई लाल को भी अपने साथ पूणे महाराष्ट्र निमंत्रण में ले गया था। 18 फरवरी की बीती रात राहुल व सोनू ने पैसे के लेन देन को लेकर महेंद्र सिंह को बुरी तरह से मार पीट कर घायल कर दिए थे। इलाज के दौरान 28 फरवरी को महेंद्र सिंह की मौत हो गई है। उक्त राहुल व सोनू को पूणे महाराष्ट्र पुलिस ने एरोडा जेल भेज दिया। 4 मार्च को श्रवण सिंह, मिथिलेश सिंह,पंचू व राजेश सिंह विवाहिता के घर पर पहुंच कर गाली-गलौज करते हुए मुकदमे में समझौता लगाने कि बात कहने लगे। विवाहिता ने समझौता करने से इंकार कर गाली-गलौज का विरोध किया तो विपक्षीगण एक जुट होकर विवाहिता को परिवार सहित जान से मार डालने कि धमकी देते हुए चले गए।

# संदेशखाली प्रकरण में अभाविप ने ममता सरकार के खिलाफ किया आंदोलन

**कौशाम्बी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा मंगलवार को डायट मैदान मंझनपुर में संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध ममता सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया एवं कार्यकताओं द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। अभाविप ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भवपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है तथा इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल श्री आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई वृहद् जनमानस के समक्ष आई है। टीएमसी के नेताओं द्वारा हिंदू कन्याओं का अपरहण कर अत्याचार एवं दुराचार करने के अनेक प्रकरण सामने आए हैं, जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। आज इसी संबंध में अभाविप द्वारा ममता सरकार का विरोध किया गया एवं राष्ट्रपति को पत्र लिख राज्य सरकार की प्रकरण में संलिप्तता की केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच करवाने, महिलाओं पर हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्मिता के हनन करने एवं संबंधित प्रकरण की शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी करने, पीड़ित महिला को निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराने, मनोवैज्ञानिक द्वारा मानसिक रूप से पीड़ित महिलाओं को सहायता दिलवाने एवं भय-मुक्त संदेशखाली बनाने में केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की मांग की है। अभाविप द्वारा संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध पुडुचेरी में आयोजित केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत निजी विश्वविद्यालय कार्य सहसंयोजक ऋषभ द्विवेदी ने कहा कि," संदेशखाली प्रकरण में बंगाल सरकार की अनेक नेताओं की संलिप्तता दुर्भाग्यपूर्ण है तथा ममता बनर्जी सरकार की महिला विरोधी छवि को उजागर करती है। हिंदू महिलाओं को चिन्हित कर उनके साथ दुराचार के अनेकों प्रकरण सामने आए हैं और सरकारी मशीनरी का इस्तमाल करते हुए इस प्रकरण को समाज से दूर रखने के काफी प्रयत्न किए गए हैं।जिला संयोजक शिव बाबू चौधरी ने कहा की अभाविप, अपने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए प्रकरण को समाज तक पहुंचाने व बहनों को न्याय दिलाने हेतु देशव्यापी आंदोलन कर रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग कर रही है।

राष्ट्रपति को घटना पर संज्ञान लेने हेतु प्रेषित किया गया ज्ञापन



# पूर्व सांसद ने बैठक कर किया जनसंपर्क



**भरवारी कौशाम्बी** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार ने भरवारी में पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की चर्चा की है बैठक के बाद पूर्व सांसद अपने सहयोगी तथा पार्टी के जिलाध्यक्ष इरफान अहमद तथा पार्टी के कई अन्य पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओ के साथ गांव क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में निकले जनसंपर्क के दौरान उन्होंने बस्ती तालाब बेरौंचा रसूलपुर बकोढा असन्दापुर सहित कई गांव का दौरा किया जहां ग्रामवासियों ने पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार का भव्य स्वागत किया तथा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना समर्थन व आशीर्वाद दिया आगामी लोकसभा के चुनाव मे शैलेन्द्र कुमार के लिए ग्राम वासियों मे खासा उत्साह नजर आया इस अवसर पर जनार्दन ओझा अमित कुमार संजय केसरवानी अजय केसरवानी विजय केसरवानी देव मणी यादव संतोष नागा बच्चा मुनीम बहादुर सरोज कमलेश केसरवानी विकाश अधिकारी राजू सक्सेना पत्रकार भरवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# उद्यमियों व्यापारियों की समस्याओं को डीएम ने सुना

जिला उद्योग बन्धु समिति एवं जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक

समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए दिये अधिकारियों को निर्देश

जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के दिए निर्देश





**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा उदयन सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति एवं जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों/व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें।बैठक में उपायुक्त उद्योग के0के0 अमर ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 1545 प्रकरण प्राप्त हुए है तथा 13 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है, जिसमें कृषि विभाग के-05, प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के-04, खाद्य व औषधि विभाग के-01, विद्युत-01 एवं अग्निशमन विभाग-01 सम्मिलित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को समयान्तर्गत प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत 58 लक्ष्य के सापेक्ष 73, एम0वाई0एस0वाई0 योजना के तहत 67 लक्ष्य के सापेक्ष 74 तथा ओडी0ओ0पी0 योजनान्तर्गत 21 लक्ष्य के सापेक्ष 43 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को अग्रिम आवश्यक कार्यवाही तथा एलडीएम को बैंकों द्वारा स्वीकृत ऋण आवेदनों को वितरित कराने के निर्देश दिये। उपायुक्त उद्योग ने प्राइवेट क्षेत्र में औद्योगिक आस्थान के निर्माण के सम्बन्ध में बताया कि निजी प्रर्वतक द्वारा 10 एकड़ से 50 एकड़ तक भूमि का औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाने का प्राविधान शासन द्वारा किया गया है। भूमि तक 12 मीटर चौड़ी सड़क आवश्यक है। इस कार्य के लिए उद्यमियों को जमीन की खरीद पर 100 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क छूट देय है तथा प्रति एकड़ 50 लाख रुपए एक प्रतिशत साधारण ब्याज की दर पर तीन वर्ष के लिये दिया जायेंगा, जिस पर जिलाधिकारी ने व्यापारियों से कहा कि इस योजना का लाभ उठायें। बैठक में बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कुल-22664 आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा ग्राम प्रधान/अधिशासी अधिकारी द्वारा पोर्टल पर 13632 आवेदन पत्र सत्यापित कर आनलाइन जिला स्तरीय समिति को प्रेषित किया गया है व जिलास्तरीय समिति द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों तथा एलडीएम से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर 6829 आवेदन पत्रों को संस्तुति कर राज्य स्तरीय समिति को प्रेषित किया जा चुका है एवं अग्रिम कार्यवाही की जा रहीं है। जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, जिला कृषि अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी कड़ा, सिराथू, चरवा, चायल, करारी एवं मंझनपुर से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए बैठक में अध्यक्ष, व्यापार मण्डल देवीगंज नीरज कुमार साहू ने बताया कि प्राइवेट व सरकारी स्कूल की छुट्टी के वक्त जाम की समस्या अत्यधिक बढ़ जाती है, जिस पर जिलाधिकारी ने यातायात निरीक्षक को जाम की समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में अध्यक्ष, व्यापार मण्डल देवीगंज नीरज कुमार साहू द्वारा मंझनपुर से लखनऊ संचालित बस सेवा को देवीगंज चौराहे पर स्टापेज किये जाने व मंझनपुर से शीतला धाम देवीगंज होते हुए अयोध्या के लिए बस सेवा के शुरूआत किये जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त राज्यकर योगेश बोहरे को एआरएम, रोडवेज को पत्र प्रेषित कर आख्या प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि परिवहन विभाग द्वारा स्थापित बस स्टाप मूरतगंज का कार्यालय बन्द होने से फतेहपुर डिपो की बसें मूरतगंज बाजार में नही रूकती है, जिस पर जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त राज्यकर को एआरएम, रोडवेज को पत्र प्रेषित कर आख्या प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला व्यापार मंडल द्वारा अवगत कराया गया कि मंडी परिसर में पूर्व में जो दुकाने आवंटित की गयी है,उसकी रजिस्ट्री नहीं हो पायी है, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को एक सप्ताह के अन्दर प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिए इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा प्रान्तीय महामंत्री रमेश अग्रहरि, जिलाध्यक्ष प्रवेश केशरवानी, अध्यक्ष उद्योग मंच मोहित रस्तोगी प्रमोद साहू अंशुल,तीर्थराज गुप्ता एवं बीरेन्द्र केशरी सहित आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

### मोदी का परिवार अभियान विपक्षी दलों के लिये भारी पडेगा

बिहार की राजधानी पटना में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बयान कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास परिवार ही नहीं है। वो हिंदू नहीं हैं। हिंदू अपनी मां के श्राद्ध में दाढ़ी-बाल बनवाता है। मोदी की माताजी का जब देहांत हुआ तो उन्होंने बाल-दाढ़ी क्यों नहीं बनवाया? इस तरह के बेतूके, आधारहीन एवं अमर्यादित बयान के विरोध में पूरी भारतीय जनता पार्टी उतर आई है। अब भाजपा और विपक्षी दलों के बीच "परिवारवाद" के मुद्दे पर वार-पलटवार जारी है। मोदी के परिवार एवं विपक्षी दलों के परिवारवाद को लेकर बड़ी बहस चल रही है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को विपक्ष के एक आरोप "चौकीदार चोर है" का भारी लाभ मिला था, तब भाजपा ने "मैं भी चौकीदार" अभियान चलाया था। उसी तरह वर्ष 2024 के आम चुनाव से पूर्व "मोदी का परिवार" अभियान शुरू कर दिया है, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिल सकता है, विपक्षी दलों की इस भूल के कारण भाजपा न केवल 370 सीटों के लक्ष्य को हासिल करेंगी, बल्कि उनका गठबंधन 400 से पार जायेगा। निश्चित ही चुनाव का समय बहुत संवेदनशील होता है, जिसमें विवादित एवं व्यक्तिगत बयानों से बचना जरूरी होता है। विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी चुनावी रणनीति से भड़के कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव एवं विपक्षी दलों के नेता अपनी जुबान संभाल नहीं पा रहे। जैसे-जैसे मोदी एवं भाजपा का चुनावी अभियान तीक्ष्ण, उग्र एवं नियोजित होता जा रहा है, वैसे-वैसे उनके प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने परिवार ना होने को लेकर विपक्ष के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक खुली किताब बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम उम्र में ही घर छोड़ दिया था। लगता है मोदी के परिवारवादी राजनीति के बयानों का विपक्ष के पास कोई प्रभावी जबाव नहीं है, तभी ऐसे बचकाने बयानों से दूषित राजनीति करने से विपक्षी दल स्वयं को बचा नहीं पा रहे हैं, दूसरी ओर मोदी ने ऐसे राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं एवं दलों के अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मां की मृत्यु पर मुंडन न कराने के लालू के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मोदी निश्चित रूप से एक बड़े 140 करोड़ लोगों के परिवार से जुडे हुए हैं। देश की जनता के सामने मोदी का जीवन खुली किताब जैसा है। देशवासी मोदी को भली-भांति जानते हैं, समझते हैं। उनकी पल-पल की खबर रखते हैं। देर रात तक अगर मोदी काम करते है तो देश से लाखों लोग उन्हें इतना काम नहीं करने एवं कुछ आराम करने की सलाह देते हैं, यह प्यार है मोदी परिवार का उनके प्रति। निश्चित ही मोदी एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। वे देशवासियों के लिये जीने का एक सपना लेकर चले थे। मोदी का कोई निजी सपना नहीं है, देश एवं देशवासियों के सपने ही उनके संकल्प हैं। इसलिए देश के 140 करोड़ लोग ही उनका परिवार हैं, जिसमें युवा, बेटियां, बुजुर्ग सभी हैं। जिनका कोई नहीं है, उनके मोदी हैं। मेरा भारत मेरा परिवार, इसी भावना का विस्तार लेकर वे सपनों को सच के साथ सिद्ध करने के लिए जी रहे हैं। पूरा देश मोदी का परिवार है। भाजपा के बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने नाम के आगे लिखा- "मोदी का परिवार" लिखने का एक महा-अभियान शुरू कर दिया है, जो विपक्षी दलों के लिये भारी पड़ने वाला है।

चुनाव के माहौल में विपक्षियों के बयान को भाजपा ऐसा मुद्दा बना लेती है, जिससे खुद विपक्षी नेता घिरते नजर आते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में रफाल की डील को लेकर जब राहुल गांधी ने "चौकीदार चोर है" कहा तो भाजपा ने "मैं भी चौकीदार" की ऐसी मुहिम चलाई कि वह विपक्ष पर ही भारी पड़ी। लालू के बयान के बाद अब "मोदी का परिवार" मुहिम को भाजपा उसी तरह फोकस कर रही है। भाजपा नेताओं के मुताबिक, यह पूरी मुहिम चुनाव प्रचार के दौरान भी दिखाई देगी। यह अभियान चुनाव तक जारी रहेगा। भाजपा कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधती रही है। हाल ही में हुए भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी गृहमंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर खूब तंज कसा था। लोकसभा के आखिरी सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद क्या है, इसकी पूरी परिभाषा ही दे डाली थी। अब जब लालू यादव का मोदी को लेकर बयान आया तो भाजपा परिवारवाद पर और उग्र हुई है।

नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनकी व्यापक सोच, उनके विकासमूलक कार्यक्रमों, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति व उनकी कार्य-पद्धतियां पर विपक्षी दल एवं उनके नेताओं द्वारा कीचड़ उछालने की हदें पार हो रही हैं, उनके खिलाफ अमर्यादित भाषा का उपयोग हो रहा हैं, चुनावी सभाओं एवं चचाओं में भाषा की मयार्दा बिखर रही है, लेकिन मोदी ने अपने उद्बोधन में भाषा की मयार्दा को कायम रखते हुए कडवे सच एवं यथार्थ को भी शालीनता एवं सहजता से परोस रहे हैं। विपक्ष के बेतूके बयानों एवं आरोपों से चुनावी परिदृश्य पल-पल बदलते हुए भाजपा की जीत को सहज बना रहे हैं। देखा जाये तो प्रधानमंत्री ने समूचे देश को अपना परिवार कहकर विपक्ष के बुने जाल में फंसने के बजाय उसके इरादों पर पानी फेर दिया कि ऐसे अशालीन एवं बचकाने बयानो से उन्हें हराया नहीं जा सकता। उनके इस कथन का कोई मतलब है तो यही कि विपक्ष जो कुछ कहने और सिद्ध करने की कोशिश कर रहा है, उसमें कोई दम नहीं। क्या अब भी विपक्ष मोदी को निशाना बनाने से परहेज करेगा, राहुल गांधी, लालू एवं विपक्ष अपनी ऐसी ही बेवकूफी से अपनी ही जड़े खोद रहा है। क्योंकि मोदी को निशाना बनाने की राजनीति विपक्ष के लिये हमेशा नुकसानदायी रही है, मोदी अधिक चमके हैं, अधिक सशक्त बने हैं। इसका जबाव भी मोदी ने ही दिया कि भारतीय समाज नकारात्मकता को सहन कर लेता है, स्वीकार नहीं करता है। आज जैसे बुद्धिमानी एक "वैल्यू" है, वैसे ही बेवकूफी भी एक "वैल्यू" है और मूल्यहीनता के दौर में यह मूल्य काफी प्रचलित है। लेकिन आज के माहौल में इस "वैल्यू" को फायदेमंद मानना राजनीति की एक अपरिपक्वता एवं नासमझी ही कही जायेगी।

## 120 हराओ, देश बचाओ!


– राजेंद्र शर्मा

अखिलेश यादव के '120 हटाओ' के नारे का विशेष महत्व यह है कि यह हिंदी हृदय प्रदेश में, जो कि भाजपा का गढ़ है, उसे वास्तविक चुनौती दिए जाने की संभावनाओं को सामने ले आता है। भाजपा, दक्षिण और पूर्व से पहले ही बहुत हद तक बाहर है, उत्तर के उसके गढ़ में जहां 2019 के मुकाबले वह पहले ही हर तरह से कमजोर स्थिति में है, अगर उसे तगड़ा झटका भी लग जाए, तो भाजपा को सत्ता से बाहर जाना पड़ सकता है।

पटना की गांधी मैदान की इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक रैली में, समाजवादी पार्टी के मुखिया, अखिलेश यादव ने जब 'भाजपा हराओ, देश बचाओ' के नारे के साथ, '120 हटाओ, देश बचाओ' का नारा दिया, इस नारे का अर्थ समझने में एक मिनट लगा। बहरहाल, जब उन्होंने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन के सभी अस्सी सीटों पर भाजपा को हराने के संकल्प का जिक्र किया, तो समझते देर नहीं लगी कि 120 का आंकड़ा, उत्तर प्रदेश की 80 और बिहार की 40 सीटों के योग का है। इन 120 सीटों पर भाजपा को हरा दिया, तो भाजपा का केंद्र में सत्ता से बाहर होना तय है। याद रहे कि 2019 के आम चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 में से 62 सीटें भाजपा और 2 सीटें उसके सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के खाते में गयी थीं और बिहार की 40 में से 39 सीटें भाजपा और उसके सहयोगियों के खाते में। सरल गणित के हिसाब से भी ये 103 सीटें अगर भाजपा और उसके सहयोगियों के हाथ से खिसक जाएं तो, पिछली बार का उसका सहयोगियों समेत आंकड़ा, सवा दो सौ के करीब रह जाएगा और वह सत्ता से बाहर हो जाएगी। ऐसा पूरी तरह से हो सकने की वास्तविक संभाव्यता के प्रश्न से अलग, इस गणित से इस चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश तथा बिहार के चुनावी समीकरणों की, 2024 के चुनाव में भाजपा का खेल बिगाड़ सकने की सामर्थ्य का तो अंदाजा लग ही जाता है। इसी संदर्भ में 3 मार्च की पटना रैली के संकेत खास महत्व ले लेते हैं। इस रैली में भाग लेने वालों की ठीक-ठीक संख्या की बहस में हम नहीं जाएंगे। बहरहाल, ज्यादातर अनुमानों में एक बात समान है कि यह पटना के गांधी मैदान में हुई अब तक की सबसे बड़ी सभाओं में से एक थी और इसमें श्रोताओं की संख्या का आंकड़ा दस लाख के करीब जरूर रहा होगा। इस रैली में राजद के हरे और कम्युनिस्टों के लाल झंडों की भरमार से और रैली के मुख्य वक्ताओं के भाषणों के दौरान, श्रोताओं के उत्साह से कम से कम इतना तो साफ ही था कि बिहार में इंडिया गठबंधन की मुख्य प्रहार शक्ति के रूप में, राजद और कम्युनिस्ट पार्टियों के नेता और जमीनी स्तर तक के कार्यकर्ता, उत्साह के साथ मैदान में उतर चुके हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि इस रैली से पहले, तेजस्वी यादव के दस दिन के जबर्दस्त सड़क दौरे से पैदा हुई गति और कार्यकताओं के उत्साह को, इस रैली ने और धार दे दी है। पटना से हुई इंडिया गठबंधन की चुनावी रैलियों की इस धमाकेदार शुरूआत को, आने वाले हफ्तों में तथा चुनाव के समय तक किस हद तक बनाए रखा जाता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन, इस रैली से कम से कम इतना तय हो गया है कि नीतीश कुमार की पल्टी से, भाजपा ने बिहार में एनडीए के बिखरने तथा उसकी चुनौती के खत्म हो जाने की जो उम्मीदें लगायी होंगी, पूरी होती नजर नहीं आती हैं। नीतीश कुमार के भाजपा के पाले में लौट जाने के बावजूद, इंडिया गठबंधन उसके लिए एक प्रभावी चुनौती बना हुआ है।

# कंगाली के मीनार से कश्मीर का राग

अरविंद जयतिलक



पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ एक बार फिर पाकिस्तान की बागडोर संभाल लिए हैं। इससे पहले भी वह वर्ष 2022 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे अगस्त 2023 तक पद पर तब तक विराजमान रहे जब तक कि आमचुनाव के निमित्त संसद को भंग करने का ऐलान नहीं कर दिया गया। शहबाज शरीफ ने पद संभालते ही एक बार फिर कश्मीर का राग अलापा है। उन्होंने नेशनल असेंबली में कश्मीर और फिलिस्तीन की आजादी का राग अलापाते हुए एक प्रस्ताव पारित करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि कश्मीर में कश्मीरियों के खून बहाए जा रहे हैं और पूरा वादी खून से सुर्ख है। उन्होंने वैश्विक समुदाय पर भी तंज कसते हुए कहा है कि इस मसले पर उनके होंठ सिले हुए हैं। मजेदार बात है कि दूसरी ओर उन्होंने भारत से दोस्ती की वकालत भी की है। जबकि भारत पहले ही कह चुका है कि टेरर और टॉक एक साथ नहीं चल सकते। फिलहाल शहबाज शरीफ के जहरबुझे बयान से एक बात स्पष्ट है कि वे अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों की तरह भारत विरोध के खोल से बाहर निकलने वाले नहीं हैं। जबकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि उनके समक्ष बर्बाद हो चुके पाकिस्तान को संभालने-बचाने की सबसे बड़ी चुनौती है। उन्हें पता है कि मौजूदा समय में पाकिस्तान कंगाली के कगार पर खड़ा है और अगर वे पाकिस्तान को आर्थिक संकट से निकालने में सफल नहीं हुए तो सेना कभी भी उनकी बांह मरोड़कर तख्त-ओ-ताज छिन सकती है। किसी से छिपा नहीं है कि सेना की मदद से ही वे प्रधानमंत्री बन सके हैं। पाकिस्तान की मौजूदा हालात पर नजर टिकाएं तो बढ़ता विदेशी कर्ज, विदेशी मुद्रा भंडार में अप्रत्याशित कमी और आयात-निर्यात के बिगड़ते संतुलन ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को रसातल में पहुंचा दिया है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार 16.1 फीसदी की तीव्र गिरावट के साथ दस साल के सबसे निम्नतम स्तर पर पहुंच चुका है। उसका रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तकरीबन 287 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा है। उत्पादन और खपत दोनों में जबरदस्त गिरावट है। रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। लाखों परिवारों के सामने भूखमरी की स्थिति है। आटा, दाल और चावल जैसी रोजमर्रा की वस्तएं खरीदने के लिए लोगों को सोचना पड़ रहा है। रोटी के लिए लोग जान गंवा रहे हैं। अभी गत माह पहले ही देखा गया कि आयात से भरे शिपिंग कंटेनर बंदरगाहों पर जमा हो रहे थे। क्योंकि खरीददार उनके लिए भुगतान के लिए डॉलर सुरक्षित रखने में विफल साबित हो रहे थे। रोलिंग ब्लैक आउट और विदेशी मुद्रा की भारी कमी के कारण कल-कारखने के पहिए ठप्प पड़ चुके हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें 331 और 329 रुपए प्रति लीटर के पार पहुंच चुकी है। मिट्टी के तेल की कीमत भी 190 रुपए प्रति लीटर के आसपास है। दूसरी ओर बिजली की आपूर्ति ठप्प पड़ती जा रही है। इस समय सिर्फ 20 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है जबकि बिजली की डिमांड 30 हजार मेगावाट से अधिक है। नेशनल ग्रिड बार-बार फेल हो रहा है। इसका असर न सिर्फ कल-कारखानों पर पड़ रहा है बल्कि अस्पतालों में ऑपरेशन थिएटर भी बंद करना पड़ रहा है। अगर शहबाज शरीफ अर्थव्यवस्था को सुधारने के बजाए कश्मीर राग में ही फंसे रहे तो पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाया नहीं जा सकता। पाकिस्तान में सबसे बुरा हाल आम आदमी का है। उसके जीवन पर संकट है। क्योंकि खाद्य वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही है। गरीबी और बेरोजगारी रिकार्ड स्तर पर है। बीते साल 10 लाख युवाओं ने पाकिस्तान से पलायन किया है। गरीबी के कारण स्थिरता और सुरक्षा देने वाली सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था चरमरा उठी है। विडंबना यह कि एक ओर देश का आम आदमी आटे और चावल के अकाल का सामना कर रहा है वहीं देश में नेता और सेना के अधिकारियों की संपत्ति दिन दूनी और रात चैगुनी बढ़ रही है। सच कहें तो देश खजाना खत्म होने के लिए नेता और सेना के अधिकारी ही जिम्मेदार हैं। इसका फायदा आतंकी संगठन उठा रहे हैं और देश को बारुद के ढ़ेर पर रख दिया है। आए दिन बम विस्फोट में लोगों की जान जा रही है। देश में आतंकवाद की वजह से मानसिक स्वास्थ्य के रोगियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हद तो यह है कि 20 करोड़ पाकिस्तानियों के लिए देश में सिर्फ 450 प्रशिक्षित मानसिक चिकित्सालय हैं। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो आज पाकिस्तान की एक तिहाई आबादी गरीबी रेखा से नीचे है। नए मानकों के आधार पर जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार पाकिस्तान में गरीबी रेखा से नीचे जीवन गुजर-बसर करने वाले लोगों की तादाद 8 करोड़ से पार है। पाकिस्तान के केंद्रीय योजना व विकास मंत्रालय के मुताबिक देश में गरीबों को अनुपात बढ़कर 40 फीसदी के पार पहुंच चुका है। जबकि 2001 में गरीबों की तादाद दो करोड़ थी। आश्चर्य होता है कि एक ओर देश के हुक्मरान विकास का दावा करते हैं वहीं दूसरी ओर गरीबी का लगातार विस्तार हो रहा है। भूखमरी से हर दिन सैकड़ों लोगों की जान जा रही है। रोजगार के अवसर घट रहे हैं और कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। आज की तारीख में पाकिस्तान के हर नागरिक पर तकरीबन 1 लाख 50 हजार रुपए से अधिक का कर्ज है। किसानों की हालत बेहद दयनीय है। गरीबी और कर्ज में डूबे होने की वजह से उनकी आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे सामाजिक ताना-बाना बिखर रहा है। आज पाकिस्तान की स्थिति इराक, सीरिया और लेबनान से भी बदतर हो चुकी है। विचार करें तो इसके लिए पाकिस्तान स्वयं जिम्मेदार है। वह अपनी धरती पर आतंकियों को प्रश्रय देने के साथ वैश्विक समुदाय से मिल रही आर्थिक मदद को विकास पर खर्च करने के बजाए भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों पर खर्च कर रहा है। आतंकवाद पर उसके लचर रवैए का नतीजा है कि आज उसके एक बड़े भू-भाग पर परोक्ष रुप से आतंकियों ने कब्जा कर रखा है। एक दशक से उसके हुक्मरान दहशतगर्दी को नेस्तनाबूद करने का राग अलाप रहे हैं लेकिन परदे के पीछे आतंकियों की मदद कर रहे हैं। याद होगा वर्ष 2016 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के कोझिकोड की रैली में विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के अवाम का आह्वान करते हुए कहा था कि उन्हें अपने हुक्मरानों से सवाल पूछना चाहिए कि उनके हुक्मरानों ने किस तरह का देश बना रखा है जिसकी छवि आतंकी देश जैसी बन रही है। उन्हें सवाल पूछना चाहिए कि उनके हुक्मरान अशिक्षा, गरीबी और बेरोजगारी से लड़ने के बजाए आतंकवाद से कंधा क्यों जोड़े हुए हैं। उनसे पूछना चाहिए कि एक साथ आजादी प्राप्त करने के बाद भी क्या कारण है कि भारत सॉफ्टवेयर का निर्यात कर रहा है और उसके हुक्मरान आतंकवाद का निर्यात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के हुक्मरानों को आईना दिखाते हुए यह भी कहा था कि भारत-पाकिस्तान के बीच बेरोजगारी खत्म करने और गरीबी मिटाने के लिए मुकाबला होना चाहिए। यह देखना चाहिए कि कौन-सा देश इन समस्याओं को पहले खत्म करता है। पाकिस्तान और विश्व की मीडिया में प्रधानमंत्री मोदी के इस संदेश की खूब सराहना हुई थी। दुनिया भर में संदेश गया था कि भारत अपने पड़ोसी को लेकर कितना संवेदनशील है। लेकिन पाकिस्तान के रुख में तनिक भी परिवर्तन नहीं आया। वह भारत विरोधी अपने पुराने रुख पर कायम है। नतीजा सामने है। आज भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है वहीं पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से मिलने वाली सहायता पर निर्भर होकर रह गयी है। अब शहबाज शरीफ को तय करना है कि वह पाकिस्तान को आतंक की राह पर बढ़ते देखना चाहते हैं या विकास के पथ पर।

# अब 'गांधी' का नहीं 'मोदी परिवार' भी




@ राकेश अचल

नसीब खराब हो तो त्रिदेव भी आपकी मदद नहीं कर सकते।कम से कम हम भारतीय गण तो ये मानकर चलते हैं। हानि, लाभ, जीवन, मरण, जस, अपजस भले ही विधि के हाथ हो लेकिन जो विधि लिखा लिलार,सो बदल नहीं सकता।

पूरे 44 साल से नेहरू - गांधी के बहाने राजनीति में परिवारवाद को पानी पी - पीकर कोसने वाले भी आखिर में परिवारवाद के शिकार हो गए। प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी भरे - पूरे परिवार में जन्मे लेकिन अपना परिवार नहीं बना पाए। उनके घर वालों ने मोदी जी का पाणिग्रहण संस्कार भी कराया किंतु उनके लिलार में परिवार बढ़ाना, चलाना विधि ने लिखा ही नहीं। मोदी जी भी अपना गम गलत करने संघ परिवार में शामिल हो गए।

कोई माने या न माने किंतु मैं मानता हूं कि भारत में नेहरू-गांधी परिवार से भी बड़ा संघ परिवार है। संघ परिवार में पाणिग्रहण का संस्कार नहीं होता लेकिन परिवार बढता रहता है। संघ परिवार के सदस्य भले ही रक्त संबंधी न हों लेकिन एक - दूसरे पर जान छिड़कते हैं। यानि एक - दूसरे के लिए मर भी सकते हैं और मार भी सकते हैं। ऐसा हमेशा से होता आ रहा है। लेकिन अब शायद नहीं हो पाएगा।

हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नेहरू - गांधी परिवार का खात्मा करने की अविराम कोशिश करते - करते संघ परिवार का ही खात्मा कर बैठे। उन्होंने संघ परिवार के स्थान पर 'मोदी परिवार' का नारा दिया है। स्वर्ग में बैठे संघ के संस्थापक मान्यवर डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार आंसू बहा रहे हैं। वे अपनी आंखों के सामने संघ परिवार की साख पर मोदी परिवार की कोंपलें फूटते देख रहे हैं।

मै हर तरह के। परिवारवाद के खिलाफ रहा हूं किन्तु परिवार के खिलाफ कभी नहीं रहा। परिवार का सुख गृहत्यागी क्या जाने?' बाझ के जानि प्रसव की पीड़ा? बहरहाल हम मोदी जी के नये परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।हम किसी के परिवार को कोसते नहीं हैं। परिवारवाद हर वाद से ज्यादा लोकप्रिय है। दुनिया भर में समाजवाद, पूंजीवाद, अधिनायकवाद अस्तित्व में हैं किन्तु परिवार सबमें हैं। अंबानी अपने बेटे को अपना उत्तराधिकारी बनाते हैं। तो बाकी भी ऐसा ही चाहते हैं। इसमें कोई गलत बात भी नहीं है।

मोदी जी के भी जब शितकेश हो गये तो उन्हें भी स्वाभाविक है कि परिवार की चिंता सताने लगी होगी। बिना परिवार के उनका नाम,वंश आखिर कैसे आगे बढ़ेगा ? मोदी जी अब तक देश पर जादू की लकड़ी घुमा रहे थे।अब उन्होंने संघ परिवार पर ही जादू की लकड़ी घुमा दी है। मोदी परिवार का नारा देकर उन्होंने संघ परिवार की इतिश्री कर दी है। मोदी जी को इस साहसिक कदम के लिए हार्दिक बधाई बनती है। राजनीति में अजर - अमर होने के लिए परिवार एक जरूरी इकाई है। मोदी जी को भी आखिर परिवार चाहिए।वे अच्छी तरह जान गये हैं कि संघ परिवार उनका अपना परिवार नहीं है।संघ परिवार में तो शाखामृग होते हैं। मोदी जी तो शेर भी है और सवा सेर भी। उनके नाम का अलग परिवार होना ही चाहिए। मोदी जी का परिवार सबसे बड़ा और बलशाली हो इसके लिए मोदी जी का तीसरी बार सत्ता में आना आवश्यक है। मोदी जी संघ परिवार पर यकीन नहीं कर सकते। उनके लिए नीतीश कुमार भी काबिले यकीन नहीं हैं। बाबा यानि योगी आदित्यनाथ पर भी उन्हें शायद भरोसा नहीं है। अब शेष भारत को तो छोड़ दीजिए, देखना ये है कि संघ परिवार के कितने लोग अपनी सोशल मीडिया बल्दियत में मोदी जी का नाम लिखते हैं? देखना ये भी है कि संघी भाई अब अपने आपको मोदी भाई कहलाना पसंद करेंगे या नहीं ? अब भविष्य की कल्पना कीजिए।जब संघ परिवार की जगह मोदी परिवार चलेगा तो संघ की शाखाओं का नाम भी स्वतः मोदी शाखा हो जाएगा। संघ की वर्दी भी मोदी जी की वर्दी बन जाएगी। इसके लिए किसी अध्यादेश की जरूरत थोड़े ही है।याद रहे कि संघ परिवार अगले साल 2025 में शतायु होने को था किन्तु मोदी जी ने उसे सचिन तेंदुलकर की तरह 99 साल में ही निबटा दिया। भारतीय राजनीति में परिवारवाद के नफा-नुकसान से पूरी दुनिया वाकिफ हैं, सिवाय भारतीयों को छोड़कर। भारत में कोई भी क्षेत्र हो परिवारवाद का शिकार है। राष्ट्रीय ही नहीं क्षेत्रीय राजनीतिक दल भी परिवारवाद के गुलाम हैं। कोई दूध का धुला नहीं है। 2024 का आम चुनाव ही आम आदमी को ये मौका दे रहा है कि वो देश की राजनीति को हर हाल में,हर तरह के परिवारवाद से मुक्त कराए। भले ही वो कैसा भी परिवारवाद हो। वैसे हम पूरी वसुधा को अपना कुटुम्ब मानते हैं। इसलिए परिवारवाद हमारे डीएनए में हजारों साल से मौजूद हैं ।

## सुप्रीम फैसलों ने बढ़ाया देश का मान

रमेश सर्राफ धमोरा

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में कई ऐसे फैसले दिए हैं जिससे देश का मान तो बढ़ा ही है। उसके साथ ही वो फैसले न्यायपालिका के क्षेत्र में भी मील के पत्थर साबित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसलों से जहां हर देशवासी को गौरवान्वित किया हैं। वहीं देशवासियों का न्यायपालिका के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ किया है। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों की पूरे देश में सराहना हो रही है। देश के आम आदमी को भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह महसूस होने लगा कि हमारे देश में न्याय कभी कमजोर नहीं हो सकता है। हालांकि पिछले कई वर्षों से देश में न्यायपालिका को कमजोर करने के आरोप लग रहे थे। जिनको सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने झूठला दिया है।

सोमवार को वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अब रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ ने सोमवार को अपना 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, पीएस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक पीठ ने कहा कि हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं। जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी।

1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है। जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है। आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है। रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है। यह मुद्दा दोबारा तब उठा जब झामुमो विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिक दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड के राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। सीता सोरेन ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उन्हें सदन में कुछ भी कहने या वोट देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 194 (2) के तहत छूट हासिल है। इसी तरह कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला देते हुए राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था। अपने फैसले में चीफ जस्टिस ने कहा है कि पॉलीटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी वह प्रक्रिया है जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है। जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। याचिकाकर्ताओं ने इस योजना को लागू करने के लिए फाइनेंस एक्ट 2017 और फाइनेंस एक्ट 2016 में किए गए कई संशोधन को गलत बताया था। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि कि इससे राजनीतिक दलों को बिना जांच और टैक्स भरे फंडिंग मिल रही है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2017 के बजट में चुनावी इलेक्टोरल बांड स्कीम को पेश किया था। जिसे 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने नोटिफाई किया था। दिसंबर 2019 में याचिकाकर्ताओं ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दिया था। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया था कि किस तरह चुनावी बांड योजना पर चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक की चिताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार कर दिया था। चुनाव आयोग का मानना था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29 ( बी) का उल्लंघन कर चंदा लिया है या नहीं। विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक का मानना था कि इलेक्टोरल बांड मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देगा। इसके जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट करना संभव होगा। चुनाव आयोग व रिजर्व बैंक की आपत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा सकता है।

# संदेश खाली में महिलाओं पर जुल्म को लेकर अभाविप का प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय की अगुवाई में पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में राज्य सरकार संरक्षित अपराधियों के महिलाओं के साथ किये जघन्य अपराध के खिलाफ नारेबाजी कर सडक जाम की। विरोध-प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार मंगल सिंह यादव को राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।


सडक पर जाम लगाये बैठे अभाविप कार्यकर्ता।

मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय की अगुवाई में परिषद के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में राज्य सरकार संरक्षित अपराधियों ने महिलाओं के साथ किये अपराध को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सडक जामकर जमकर पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। तहसील मुख्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल के संदेश खाली जिले में महिलाओं के साथ यौन शोषण, सामूहिक अस्मिता हनन, परिवारों पर सुनियोजित जुल्म राज्य सरकार संरक्षित अपराधी कर रहे हैं। अभाविप ने मानवता को शर्मसार करने की घटना की निन्दा की। कहा कि दस फरवरी 2024 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनन्द बोस के संदेश खाली दौरे के कारण शोषण की घटना सामने आई। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ पार्टी के नेताओं ने हिन्दू घरों में जबरन नाबालिग कन्याओं व महिलाओं को चिन्हित कर अपहरण कर जुल्म दुराचार के मामले सामने आये हैं। मांग किया कि राज्य सरकार संदेश खाली के मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करे। संदेश खाली की महिलाओं पर हो रहे जुल्म पर अंकुश लगाये। महिलाओं के साथ हुई हिंसा की घटना की न्यायिक जांच कराये। पीडित महिलाओं को निःशुल्क कानूनी सहायता दी जाये। भयमुक्त संदेश खाली बनाने में केन्द्रीय बलों की नियुक्ति की जाये। इस मौके पर अभाविप के विजय कुमार केशरवानी, मोहित मिश्रा, सर्वेश पाण्डेय, अनुज निषाद, नितेश त्रिपाठी, बादल सिंह, जयप्रकाश, सत्या पाण्डेय, प्रशांत गर्ग आदि मौजूद रहे।

# सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय में हुई कार्यशाला, गुजरात के डा जयेश वजीरानी ने की सराहना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संत रणछोड़दास जी महाराज के स्थापित सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय में दो दिवसीय नेत्र चिकित्सीय कार्निया एवं ऑक्यूलर सर्फेस डिजीज कार्यशाला हुई। 40 नेत्र चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में कॉर्निया एवं ऑक्यूलर सर्फेस डिजीज बाबत बीमारियां अर्थात आंख का सूखापन, रसायनिक पदार्थों से आंख को होनी वाली क्षति, आंख की सतह पर होने वाले विभिन्न संक्रमण में नेत्र चिकित्सकों ने अनुभव साझा किये।

मंगलवार को नेत्र रोगियों को गुणवत्ता युक्त चिकित्सा देकर देश में अंधत्व निवारण को गति देना है। दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अहमदाबाद गुजरात के नेत्र विशेषज्ञ डॉ जयेश वजीरानी, श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डा बीके जैन, रेटीना वरिष्ठ चिकित्सक डा आलोक सेन, कार्निया वरिष्ठ चिकित्सक डा गौतम सिंह, डा राजेश जोशी, डा नतेंद्र पाटीदार, डा प्रधन्या, डा राकेश शक्या, डा अशोक समेत कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले सभी डॉक्टरों ने गुरु पूजन कर दीप जलाया। कार्यशाला में डॉ जयेश वजीरानी ने कहा कि ऑक्यूलर सर्फेस से संबंधित बीमारियों, नवीनतम अनुसंधानों एवं प्रभावी चिकित्सा के बारे में सभी नेत्र चिकित्सकों ने आपस में एक-दूसरे से अनुभव साझा किये। निश्चित ही नेत्र रोगियों को लाभ मिलेगा। सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट से संचालित सभी प्रकल्पों व नेत्र चिकित्सा व्यवस्था को सराहा।


कार्यशाला में मौजूद डॉक्टर।

## शराब में आरोपी को हुआ पांच सौ का जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार रामकिशोर की पैरवी से न्यायालय ने आबकारी अधिनियम आरोपी को पांच सौ रुपये का जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

मंगलवार को अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते सिविल जज (सीडि) एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता ने कोतवाली कर्वी में दर्ज आबकारी अधिनियम आरोपी भारत पुत्र रामसुचीत गौड़ निवासी अकबरपुर को पांच सौ रूपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

## एसपी के निर्देश पर पांच पर मिनी गुण्डा एक्ट

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य ने सुशील दुबे पुत्र बुद्धीलाल दुबे, विजय कोल पुत्र लालमन कोल, संजय यादव पुत्र विष्णु यादव निवासी करौंदी खुर्द मजरा ओबरी, अंकेश शुक्ल उर्फ छोटू पुत्र सालिक राम शुक्ल व सालिकराम शुक्ल पुत्र अलख नारायण शुक्ल निवासी कस्बा बरगढ के खिलाफ धारा 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

# छह लुटेरों को दबोच लूटी कार-तमंचा-फोन-बाइक बरामद, लुटेरों ने मरीज बनकर लूटी थी कार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मरीज बनकर वाहन लूटने वाले छह लोगों को दबोचकर उनके कब्जे से लूट की कार, तमंचा, कारतूस, तीन मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक बरामद की है।


पुलिस गिरफ्त में लुटेरों के बारे में बताते एसपी।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने बताया कि 28-29 फरवरी की रात रामलाल सोनी पुत्र रामदास सोनी निवासी बल्लभनगर सतना रोड मैहर मप्र के साथ गढवा जाने वाले जंगल के रास्ते में लुटेरों ने तमंचा लगाकर हाथ-पैर बांधकर नई कार लूट ली थी। पुलिस ने इस बाबत मामला दर्जकर एसओजी प्रभारी व मऊ थानाध्यक्ष को खुलासे के निर्देश दिये। पुलिस टीम ने पांच मार्च को सवेरे साढे चार बजे टिकरा गांव के शिवम पटेल के डेरा से छह लोगों को गिरफ्तार किया। लूट की कार एमपी 19जेडएफ-8730, तमंचा-कारतूस, तीन मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक यूपी 96जे-3150 बरामद की। पूंछताछ में दबोचे शिवम पटेल पुत्र श्रीनाथ, अजीत पटेल पुत्र देवमूरत निवासी टिकरा, सोनू साहू पुत्र गनेश निवासी आमीन गोविन्दगढ थाना ताला जिला रीवा मप्र, आफताब अंसारी पुत्र एजाज अंसारी निवासी पीथाकियारी निरसा की चट्टी थाना सिरसा जिला धनबाद झारखंड, रवि लोनिया पुत्र बृजेश लोनिया निवासी वार्ड 12 गोविन्दगढ जिला रीवा मप्र व सत्येन्द्र पाठक पुत्र महादेव निवासी अजरौली थाना धाता जिला फतेहपुर ने बताया कि वे पूना में फैक्टरी में काम करते थे। लूट की योजना बनाई। पूना से चलकर मानिकपुर होते हुए शिवम व अजीत से मिले। 28 फरवरी को मरीज के बहाने गाडी बुक की। उसे बरगढ लेकर आये। कार मालिक को रात दस बजे बरगढ चैराहे पर सत्येन्द्र तिवारी को फोन से बुलाया। परानू बाबा जंगल में कार मालिक को मारपीट कर गाडी से उतारकर हाथ-पैर बांधकर फेंक दिया। गाडी को अजरौली के सत्येन्द्र पाठक के ट्यूबवेल में छिपा दिया। मास्टर माइंड फरार है।

टीम में एसओजी/सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी, दीवान जितेन्द्र कुशवाहा, नितेश समधिया, सिपाही रोहित सिंह, आशीष, पवन राजपूत, रोशन सिंह, ज्ञानेश मिश्रा व मऊ थानाध्यक्ष अजीत कुमार पाण्डेय, दरोगा विनय विक्रम सिंह, सिपाही प्रवीण पाण्डेय व महिला सिपाही शानू द्विवेदी शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह मौजूद रहे।

# सपा मुखिया की संस्तुति से पांच जिला सचिव नामित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से सपा जिला सचिव के पदाधिकारियों को नामित किया है।


मनोनीत जिला सचिव।

मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने बताया कि पुरानी बाजार कर्वी के सुशील श्रीवास्तव, अशोह गांव के शांतनु सिंह, पुरानी बाजार के अब्दुल रसीद उर्फ चीनी, सगवारा राजापुर के ब्रम्हानन्द पाण्डेय व करही मऊ के जितेन्द्र सिंह पटेल को जिला सचिव पद पर नामित किया है। इस मनोनयन पर विधायक अनिल प्रधान, सपा नेता निजाम सिद्दीकी, नरेन्द्र यादव, सत्यनारायण पटेल, गोपीचन्द्र यादव आदि सपा नेताओं ने खुशी जताई है। कहा है कि सभी मनोनीत जिला सचिव अपनी जिम्मेदारी आगामी लोकसभा चुनाव में बखूबी निभायेंगे।

## दो जुआरी रंगेहाथ दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा विपिन कुमार मिश्रा की टीम ने दो जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। मंगलवार को दरोगा विपिन कुमार मिश्र की टीम ने कमलेश कुमार पुत्र राजकरन निवासी देवल व गया प्रसाद पुत्र मुन्ना निवासी कस्बा पहाड़ी को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते जुआ खेलते दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से पांच सौ रुपये, ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से दो सौ रुपये बरामद किये। जुआरियों पर थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा विपिन कुमार मिश्रा, दीवान सुशील व सिपाही मृत्युन्जय शामिल रहे।

# अमीनों ने दस बिन्दुओं की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र राजस्व संग्रह अमीन संघ के प्रांतीय नेतृत्व में मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। उप्र राजस्व संग्रह अमीन संघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय, जिला मंत्री उदयभान सिंह यादव, कोषाध्यक्ष रहमान, उप मंत्री विद्या सागर सिंह व संग्रह अमीन ओम प्रकाश, सगीर अहमद आदि ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को दस बिन्दुओं बाबत मांग पत्र सौंपा।


एडीएम नमामि गंगे को ज्ञापन सौंपते अमीन संघ के लोग।

मंगलवार को सौंपे ज्ञापन में कहा कि संग्रह अमीन से नियमित हुए अमीनों को विनियमितीकरण बाद सेवा काल समायोजित कर वेतन-पेंशन निर्धारित, ग्रेड वेतन 2400 देने, मोटरबाइक भत्ता, रिक्त संग्रह अमीन एवं अनुसेवक के पदों को भरने, संग्रह अमीन के पद को जोखिम पद घोषित करने, राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति संग्रह अमीन एवं लेखपाल संवर्ग के पदों के सापेक्ष 1/3 अनुपात अनुसार 33 फीसदी पदों पर पदोन्नति की जाये। संग्रह अमीनों को उप जिलाधिकारी की संस्तुति पर शस्त्र लाइसेंस दिये जायें। कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली का प्रशिक्षण/लैपटॉप दिये जायें।

# ओला गिरने से फसलों के आंकलन में हुआ मजाकः देवेन्द्र सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्राकृतिक आपदा से जिले के किसान नहीं उबर पा रहे। अन्ना जानवरों का आतंक कम होने का नाम नही ले रहा। ओलावृष्टि से किसानों की कमर टूट गई। सैकड़ों गांवों में 60 से लेकर सौ फीसदी तक क्षति हुई है। भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन के किसानों का मजाक उड़ाया है।

मंगलवार को मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि राहत आयुक्त को जिला प्रशासन ने भेजी आख्या में महज दस गांवों में 33 फीसदी फसलों की क्षति दिखाई है। सरकार की मंशा पर किसानों का दर्द भी बयां नहीं कर पा रहा। सैकड़ों गांवों के किसान खेतों को देखकर रोते हैं। अपनी किस्मत को कोसते हैं। जिला प्रशासन कर्मचारियों के घर बैठे ओलावृष्टि की रिपोर्ट तैयार कर गलत सर्वे रिपोर्ट भेजी जा रही है। भाकियू ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि सही मायने में सर्वे कराकर रिपोर्ट भेजी जाये। दस गांवों में नहीं, सैकड़ों गांवों में किसानों को क्षति हुई है। रमपुरिया, चनहट, अर्जुनपुर, मलवारा, खटवारा, अनीपुर, दैलापुरवा, मोहरवां, सिद्धपुर, बनाडी, रिहुंटिया, पाण्डेय पुरवा, राजापुर, घुरेटनपुर, भानपुर, बम्बरी, सभापुर, बराछ, भरथौल, कोलौंहा, मानपुर, सीकरी, अमान, खंडेहा, लवेद, कंध्वनिया, बरगदहा, बिहारा, अमरावा, छिवलहा समेत सैकड़ों गांव में 60 से लेकर सौ फीसदी तक चना, मसूर, सरसों, अरहर, गेंहू, अलसी में क्षति हुई है। आंकलन सही ढंग से नहीं किया। भाकियू ने मांग की कि सही आंकलन कराकर किसानों को मुआवजा दिया जाये। लगभग 25 करोड़ की क्षति को एक करोड़ धनराशि आवंटित कर सरकार ने किसानों का मजाक बना दिया है।

## कोतवाली पुलिस ने दबोचे वांछित-वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने दो वांछित व एक वारंटी दबोचा है।

मंगलवार को कोतवाली कर्वी के निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह ने सिपाही नीतू द्विवेदी के साथ अपहरण व पॉक्सो एक्ट वांछित मैकू प्रसाद व अनिल कुमार पुत्र चुन्नीलाल उर्फ देवीदयाल निवासी चितरागोकुलपुर को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा अंशुल कुमार ने सिपाही आदित्य पाल के साथ आर्म्स एक्ट के वारंटी रामजी उर्फ मुड़वा पुत्र हरीप्रसाद निवासी बनकट को गिरफ्तार किया।

# नगरीय समाधान दिवसः 57 लोगों के चेयरमैन ने भराये पीएम आवास फार्म

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद कर्वी में नगरीय समाधान दिवस में अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने नगरवासियों की समस्यायें सुनी। समस्या निराकरण तत्काल किया। पीएम आवास लाभार्थियों के सत्यापन कार्य तहसील स्तर पर लम्बित होने पर नाराजगी जताई। एसडीएम से अनुरोध किया कि सत्यापन कार्य जल्द पूरा करायें।


लोगों की समस्यायें सुनते अध्यक्ष।

मंगलवार को नगरीय समाधान दिवस में ईओ लालजी यादव ने कहा कि नगरवासियों की पानी, बिजली, सड़क, प्रकाश, पीएम आवास की समस्या लेकर लोग आते हैं। तत्काल निराकरण होता है। अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि शासन की मंशानुसार नगर पालिका में नगरीय समाधान दिवस में हर माह के पहले व तीसरे मंगलवार को ये दिवस होता है। सूबे में कर्वी नगर पालिका में ही समाधान दिवस हो रहा है। यहां की जनता के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। एक जगह पर लोगों की समस्या हल हो जाती है। शासन से संचालित योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल रहा है। समस्यायें संबंधित विभागीय अधिकारियों से निस्तारित करायी जाती हैं। समाधान दिवस में 57 लोगों के पीएम आवास फार्म भराये। समाधान दिवस में भाजपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, एसडीओ विद्युत अनिल कुमार, समाज कल्याण विभाग के श्यामबाबू, डीएसओ कार्यालय के जितेंद्र सिंह कुशवाहा, डूडा के जेई राजकुमार, जल संस्थान के जेई समेत वार्ड मेम्बर शंकर यादव, राजकमल वर्मा, चन्द्र प्रकाश, अनिल निषाद, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पांडेय, वरिष्ठ लिपिक कर्मोतम सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, सुभाष गुप्ता, अशरफ खान, शहजादे, ज्ञानचंद गुप्ता, सुरेश राम, लवकुश प्रसाद, रवि, ज्ञानेंद्र कौशल, अभिषेक सिंह, सुमित गुप्ता, अंकित जायसवाल, आमिर खान, वारिस खान, फैजल, गुफरान, दीपक पटेल, गौरव श्रीवास्तव, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

## कर्वी पुलिस ने अपहरण वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह ने सिपाही नीतू द्विवेदी के साथ अपहरण, छेडछाड व पॉक्सो एक्ट के वांछित नितिन उर्फ नेता पटेल पुत्र हरीशचन्द्र निवासी भगनपुर खोही को गिरफ्तार किया।

# चुनाव तय करेगा देश में लोकतंत्र रहेगा या नहीं: मानसिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला कार्य समिति की मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी लोस चुनाव सपा मजबूती से लडेगी। बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में सपा का मजबूत जनाधार है। मंगलवार को मासिक बैठक में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि सेक्टर बूथ के कार्यकर्ता तैयार हैं। पार्टी प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल स्वच्छ छवि के हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कराये विकास कार्यों की आम जनता में चर्चा है। झूंठ, फरेब, छल, जुमला करने वालों का सफाया होने जा रहा है। बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मानसिंह पटेल ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव भारत के इतिहास में अहम

### सपा की मासिक बैठक सम्पन्न

चुनाव होने जा रहा है। ये चुनाव तय करेगा कि देश में लोकतंत्र रहेगा या नहीं। बाबा साहब का संविधान रहेगा या नहीं। दलित, पिछड़ा, आदिवासियों का आरक्षण रहेगा या नहीं। क्योंकि भाजपा व आरएसएस को लोकतंत्र तथा बाबा साहब के संविधान पर भरोसा नही है। भाजपा लगातार संविधान लोकतंत्र की हत्या कर रही है। दलित, पिछड़ा, आदिवासियों के हक- अधिकार छीने जा रहे है। पटेल ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी छल-प्रपंच, और जुमलों के सहारे राजनीति कर रहे हैं। भाजपा शासन काल में महंगाई, बेरोजगारी बढी है। महिलाओं व गरीबों के साथ जुल्म ज्यादती आम बात हो गयी है। पार्टी प्रवक्ता सुभाष पटेल ने कहा कि भाजपा को विकास, मंहगाई बढती हुयी बेरोजगारी से कोई लेना-देना नहीं है। रोजगार के नाम पर पढे-लिखे नवयुवकों को छला जा रहा है। बैठक में श्यामबिहारी यादव, सालिकराम कुशवाहा, निजाम सिद्दीकी, अमर पटेल, जलाल खान, राजकिशोर विश्वकर्मा, एजाज सिद्दीकी, रामसनेही खंगार, रमा यादव, चमेलिया निषाद, नरेन्द्र यादव, सीताराम कश्यप, उमाकान्त यादव, जागेश्वर यादव, मुन्ना सोनकर, सुशील श्रीवास्तव नेता, राजा यादव, मंगल यादव आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल ने किया।

# 51वां महोत्सव होगा विशेषः रामायण मेला 8 से 12 तक होगा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय रामायण मेला के 51वें महोत्सव का शुभारम्भ अयोध्या धाम हनुमानगढ़ी महंत स्वामी राजूदास महाराज करेंगे। महोत्सव को भव्य बनाने को सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। देश के विभिन्न प्रांतों के सांस्कृतिक दल, कलाकार, मानस मर्मज्ञ, मनीषी, विद्वान, संत, महंतो के रामकथा पर आधारित व्याख्यान समेत ब्रज की रासलीला, रामलीला व फिजी देश की रामलीला मेला मुख्य आकर्षण होंगे।



पत्रकारों से चर्चा करते मेला पदाधिकारी।

मंगलवार को राष्ट्रीय रामायण मेला प्रेक्षागार में कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया व महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी ने पत्रकारों को बताया कि महोत्सव 8 से 12 मार्च तक होगा। मेले में देश-विदेश के कलाकार शिरकत करेंगे। फिजी देश की रामलीला आकर्षण केन्द्र रहेगी। शुभारम्भ अयोध्या धाम हनुमानगढ़ी महंत स्वामी राजूदास महाराज करेंगे। जगद्गुरु शंकराचार्य गोवर्द्धन पीठ कूवीमाय स्वामी अधोक्षजानंद महाराज समेत चित्रकूट के संत मदनगोपाल दास, रामजी दास, दिव्यजीवन दास, दीनदयाल दास आदि महंत मौजूद रहेंगे।

सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट/निदेशक डा बीके जैन, डीआरआई संगठन सचिव अभय महाजन, समाजसेवा संस्थान गोपाल भाई, अभिमन्यु सिंह मंच की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि मेले में हैदराबाद के पुट्टपर्ति नागपदमिनी, प्रयागराज से डा सभापति मिश्र, बांदा के डा चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित, लखनऊ से डा विद्याबिन्दु, सुल्तानपुर से डा ओंकारनाथ द्विवेदी, डा श्रीराम परिहार, रमेश तिवारी खंडवा, रांची के डा जंगबहादुर पांडेय, मुजफ्फर नगर के रामदेव शर्मा आदि विद्वान रामकथा पर चर्चा करेंगे। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि 50 वर्ष रामायण मेला के हो चुके हैं। 51वां महोत्सव विशेष होगा। ख्यातिलब्ध कलाकारों का मंचन होगा। इस मौके पर शिवमंगल शास्त्री, राजाबाबू पांडेय, मनोज मोहन गर्ग, राजेन्द्र मोहन त्रिपाठी, मो यूसुफ, कलीमुद्दीन बेग, पप्पू श्रीवास्तव, डा धनश्याम अवस्थी, हेमेन्द्र मिश्रा, इम्तियाज उर्फ लाला आदि मौजूद रहे।

# जर्मन सेना की खुफिया मीटिंग का ऑडियो कैसे पहुंचा रूस के पास



जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने रूस पर "सूचना युद्ध" का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि जर्मन सैन्य अधिकारियों की गोपनीय बातचीत से जुड़ी एक रिकॉर्डिंग की मदद से रूस, जर्मनी में अस्थिरता पैदा करना चाहता है.

रक्षा मंत्री का यह बयान रूसी मीडिया द्वारा 1 मार्च को जारी की गई एक ऑडियो रिकॉर्डिंग से जुड़ा है. इस 38 मिनट के ऑडियो में जर्मनी के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की एक बैठक की रिकॉर्डिंग है. यूक्रेन में जारी युद्ध से जुड़ी इस बैठक में हुई बातचीत गोपनीय थी.

जर्मनी के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि "वायु सेना से जुड़ी बातचीत" को इंटरसेप्ट किया गया. मंत्रालय ने बताया है कि जर्मनी की मिलिट्री काउंटरइंटेलिजेंस सर्विस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि रूस ने उक्त बातचीत को चुपके से कैसे सुना और रिकॉर्ड किया.

**ऑडियो में क्या है?**

सबसे पहले रूस की सरकारी मीडिया 'आरटी' की प्रमुख माग्रेरीटा सीमनयन ने 1 मार्च को अपने टेलिग्राम चैनल पर यह ऑडियो जारी किया. उन्होंने दावा किया कि इसमें जर्मन वायु सेना के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल इंगो गेहार्ट्ज समेत जर्मनी के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की बातचीत रिकॉर्ड है. इसमें कथित तौर पर चर्चा की गई थी कि क्रीमिया पुल को कैसे निशाना बनाया जाए. क्रीमिया पूर्वी यूरोप में एक प्रायद्वीप है. यह यूक्रेन का हिस्सा है, जिस पर 2014 में रूस ने कब्जा कर लिया था. क्रीमिया ब्रिज, रूस को क्रीमिया से जोड़ता है. यूक्रेन में जारी युद्ध में रूसी सप्लाई और सैनिकों की आवाजाही में यह पुल काफी अहम माना जाता है. इसके अलावा क्रीमिया में ईंधन, खाद्य पदार्थ और बाकी आपूर्तियों के लिए भी यह पुल महत्वपूर्ण है.

**टॉरस मिसाइलों का भी जिक्र**

रिकॉर्डिंग में टॉरस क्रूज मिसाइलों पर बातचीत भी शामिल है. ऑडियो में चर्चा हुई है कि क्या यह मिसाइल एक पुल को नष्ट कर पाएग. माना जा रहा है कि यह संदर्भ क्रीमिया पुल से जुड़ा है. यूक्रेन चाहता है कि जर्मनी उसे टॉरस मिसाइल दे. टॉरस केईपीडी-350 मिसाइलें, जर्मन सेना द्वारा इस्तेमाल की जा रही सबसे अत्याधुनिक हथियार प्रणाली मानी जाती है.

पांच मीटर लंबा और करीब डेढ़ टन वजनी यह मिसाइल लड़ाकू विमानों द्वारा हवा से ही दागा जा सकता है. यह करीब 1,170 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ता है और तकरीबन 500 किलोमीटर की दूरी तक के निशाने पर जा सकता है. चूंकि यह लंबी दूरी का मिसाइल केवल 35 मीटर की ऊंचाई पर सफर करता है, ऐसे में किसी रेडार सिस्टम के लिए इसकी पहचान करना लगभग नामुमकिन है.

जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स हालिया महीनों में कई बार संकेत दे चुके हैं कि जर्मनी फिलहाल यूक्रेन को टॉरस मिसाइल नहीं दे रहा है. उन्होंने फरवरी में भी रेखांकित किया कि यूक्रेन को ये मिसाइल देने को मंजूरी ना देने की दो मुख्य वजहें हैं. पहला, मिसाइल की रेंज. और दूसरा कारण यह कि इस मिसाइल को चलाने में जर्मन सेना के मदद की जरूरत पड़ सकती है. इसे सीधे या परोक्ष तौर पर जर्मनी की युद्ध में हिस्सेदारी के तौर पर देखा जा सकता है.

**जर्मनी की प्रतिक्रिया**

जर्मन रक्षा मंत्रालय की एक प्रवक्ता ने कहा, "हमारे मूल्यांकन के मुताबिक, वायु सेना के एक विभाग में हुई बातचीत को चुपके से सुना गया. अभी हम पुख्ता तौर पर नहीं कह सकते कि सोशल मीडिया पर जो साझा किया जा रहा है, उस रिकॉर्डेड या ट्रांसक्राइब्ड संस्करण में कुछ बदलाव किया गया या नहीं."

## गाजा में युद्धविराम के लिए काहिरा में इजराइल के बिना शुरू हुई वार्ता

**काहिरा।** गाजा में जारी इजराइली हमले को रोकने के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा में एक वार्ता शुरू हो गई है। हालांकि इस वार्ता में इजराइल शामिल नहीं है। हमास के साथ इस वार्ता में मध्यस्थ मिस्र, कतर, अमेरिका के अधिकारी शामिल हैं। इजराइल ने बंधकों के नामों की सूची नहीं मिलने के कारण वार्ता से दूर रहने का फैसला किया है। लेकिन मध्यस्थ वार्ता की प्रगति से इजराइल को अवगत करा रहे हैं।

इस बीच, अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने गाजा में छह हफ्ते का अविलंब युद्धविराम लागू किए जाने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा कि वहां पर आमजनों का बुरा हाल हाल है और वे अमानवीय स्थितियों में रह रहे हैं।

फलस्तीनी सूत्रों के अनुसार युद्धविराम को लेकर दोनों पक्षों में मतभेद बना हुआ है। इजराइल केवल बंधकों की रिहाई के लिए सीमित युद्धविराम चाहता है, यह युद्धविराम छह हफ्ते का हो सकता है, जबकि हमास गाजा में स्थायी युद्धविराम चाहता है जिसके लिए इजरायल तैयार नहीं है।

अमेरिका की उप राष्ट्रपति ने कहा है कि गाजा के कई इलाकों में भुखमरी की स्थिति है, इसलिए वहां राहत सामग्री की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। इसमें इजराइल की कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी। इजराइल की नेतन्याहू सरकार को कड़ा संदेश देते हुए बाइडन प्रशासन ने विपक्ष के नेता एवं इजरायल की वार कैबिनेट के सदस्य बेनी गेंट्ज का स्वागत किया। गेंट्ज प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ मतभेदों के बाद घनिष्ठ सहयोगी देश अमेरिका के नेताओं से मिलने के लिए वाशिंगटन गए हैं। इस बीच रफाह और गाजा के अन्य इलाकों में इजराइली हमले जारी हैं। इन हमलों में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की सूचना है।

## अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने ट्रंप को कैपिटल दंगों के लिए जवाबदेह ठहराने के प्रयासों को खारिज किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैपिटल (संसद परिसर) दंगे के लिए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जवाबदेह ठहराने संबंधी प्रयासों को उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया। इसके बाद अब ट्रंप का नाम प्राथमिक मतपत्र पर दिखाई देगा। अदालत ने ट्रंप को कोलोराडो के रिपब्लिकन प्राथमिक मतदान से अयोग्य घोषित कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने सुपर मंगलवार प्राइमरी से एक दिन पहले यह फैसला सुनाया।

न्यायाधीश ने सर्वसम्मति से निचली अदालत के उस फैसले को पलट दिया कि ट्रंप को छह जनवरी, 2021, कैपिटल दंगा मामले में उनकी कथित भूमिका के कारण 14 वें संशोधन के तहत सार्वजनिक पद धारण करने से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

कोलोराडो के सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी तरह के पहले फैसले में कहा था कि प्रावधान, धारा 3, ट्रंप पर लागू की जा सकती है। इससे पहले किसी भी अदालत ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर धारा 3 लागू नहीं की थी। कोलोराडो, मेन और इलिनोइस में ट्रंप का नाम मतपत्रों से बाहर कर दिया गया था, लेकिन तीनों फैसलों पर उच्चतम न्यायालय का फैसला आना था। ट्रंप के वकीलों ने दलील दी कि छह जनवरी का दंगा विद्रोह नहीं था और अगर ऐसा था भी, तो ट्रंप दंगाइयों में शामिल नहीं हुए थे।

## फ्रांस की महिलाओं को मिला गर्भपात का संवैधानिक अधिकार



**पेरिस।** फ्रांस महिलाओं को विशेष अधिकार देते हुए गर्भपात को संवैधानिक अधिकार का दर्जा देने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां द्वारा बुलाए गए संसद के दोनों सदनों के विशेष सत्र में गर्भपात को संवैधानिक अधिकार का दर्जा दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक फ्रांस की संसद में इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया गया। इससे पहले राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने कहा कि उन्होंने महिलाओं को गर्भपात का संवैधानिक अधिकार देने का वादा किया था। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद प्रधानमंत्री गेब्रियल अटाल ने पेरिस में वर्सेल्स पैलेस में एकत्र हुए सांसदों और सीनेटरों से कहा कि हम सभी महिलाओं को एक संदेश भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का शरीर उनका है और कोई भी उनके बदले निर्णय नहीं ले सकता है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका और कई अन्य देशों की तुलना में फ्रांस में गर्भपात के अधिकारों को बहुत अधिक स्वीकार्यता प्राप्त है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# एलन मस्क को पछाड़ फिर दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने जेफ बेजोस



**नई दिल्ली।** टेस्ला प्रमुख एलन मस्क को पछाड़ कर जेफ बेजोस फिर दुनिया के सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। बेजोस ने लंबे समय तक सबसे अमीर शख्स रहने वाले मस्क का यह ताज अब छीन लिया है। बेजोस 200.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहले स्थान पर हैं, जबकि मस्क 197.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे अमीर शख्स जेफ बेजोस 200.3 बिलियन डॉलर की दौलत के साथ टॉप पर हैं। वहीं, एलन मस्क अब 197.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इससे पहले लगातार 9 महीने से एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने हुए थे। वहीं, भारत के अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी 11वें पायदान पर हैं।

मुकेश अंबानी की दौलत ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक 115 अरब डॉलर है। वे इस साल अबतक 18.2 अरब डॉलर की दौलत अपनी नेटवर्थ में जोड़ चुके हैं। इसी तरह भारत के ही एक और अरबपति कारोबारी गौतम अडानी इस सूची में 12वें नंबर पर हैं और उनके पास फिलहाल 104 अरब डॉलर की नेटवर्थ है।


# नवरत्न कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने सरकार को दिया 165 करोड़ रुपये का लाभांश

NLC INDIA
CREATING WEALTH FOR WELLBEING

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एनएलसी इंडिया मिटेड (एनएलसी) ने केंद्र सरकार को लभांश किश्त के रूप में करीब 165 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

वित्त मंत्रालय के निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि सरकार को एनएलसी इंडिया लिमिटेड से लाभांश किश्त के रूप में लगभग 165 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। एनएलसी इंडिया लिमिटेड एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एनएलसी केंद्र सरकार की नवरत्न कंपनियों में से एक है। यह खनन और बिजली उत्पादन कंपनी है, जो लिग्नाइट कोयले का इस्तेमाल करके पवन और सौर स्रोतों जैसे नवीकरणीय स्रोतों से बिजली का उत्पादन करती है।

# ईरान ने तेहरान-मास्को अंतरिक्ष सहयोग के बारे में अमेरिकी दावों को किया खारिज




**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने मॉस्को के साथ तेहरान के अंतरिक्ष सहयोग के बारे में अमेरिकी अधिकारियों के दावों को आधारहीन बताते हुए खारिज कर दिया।

कनानी अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर के दावों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। मिलर ने रूस द्वारा हाल ही में ईरानी उपग्रह के प्रक्षेपण को दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग एक और उदाहरण बताया था। इसे उन्होंने यूक्रेन, ईरान के पड़ोसियों व अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए खतरा कहा था।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को तेहरान में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि ईरान और रूस के बीच रक्षा और सैन्य सहयोग अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नियमों के तहत दोनों देशों के सामान्य हितों पर आधारित है। कनानी ने जोर देकर कहा, "अंतर्राष्ट्रीय नियमों और कानूनों के तहत सहयोग दोनों देशों का अधिकार है। हम अमेरिकी अधिकारियों के आधारहीन दावों को खारिज करते हैं।"

उन्होंने कहा कि रूस के साथ हमारा सहयोग किसी तीसरे पक्ष के खिलाफ नहीं है।

गौरतलब है कि ईरान ने गुरुवार को पूर्वी रूस में रूस के सोयुज रॉकेट प्रक्षेपण के माध्यम से पार्स-1 नामक अपने उपग्रह को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया।

## नेपाल सरकार में परिवर्तन के साथ ही लुम्बिनी में होने वाला शिखर सम्मेलन स्थगित

**नेपाल।** देश में सरकार परिवर्तन और गठबन्धन में बदलाव का असर दिखने लगा है। नई सरकार ने लुम्बिनी में होने वाले उस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है, जिस कार्यक्रम को लेकर चीन ने आपत्ति जताई थी। लुम्बिनी प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस फैसले को चीन के दबाब में लिए जाने का आरोप लगाया है। लुम्बिनी में मार्च 11-12 को होने वाले लॉरेट्स एंड लीडर्स समिट कार्यक्रम को प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल ह्यप्रचंडह्ल के निर्देशन के बाद स्थगित कर दिया गया है। इस सम्मेलन में दुनिया भर के 9 नोबल शांति पुरस्कार विजेताओं को आमंत्रित किया गया था। इस समारोह के लिए भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को प्रमुख अतिथि के तौर पर बुलाया गया था। पहले इस कार्यक्रम में दलाई लामा को बुलाने की चर्चा थी और कार्यक्रम की तारीख भी पहले 10 मार्च को रखा गया था। काठमांडू स्थित चीनी दूतावास ने नेपाल सरकार से मिल कर इस कार्यक्रम पर अपनी आपत्ति दर्ज की थी। चीन की तरफ से लगातार इस कार्यक्रम को रद्द करने को लेकर सरकार पर दबाब बनाया जा रहा था। चीन के विरोध के बाद 10 मार्च की तारीख को बदल कर 11 मार्च कर दिया गया था लेकिन काठमांडू में सत्ता गठबन्धन बदलते ही सरकार की तरफ से इस पूरे कार्यक्रम को ही रद्द कर दिया। प्रधानमंत्री प्रचंड के निर्देश के बाद लुम्बिनी प्रदेश के मुख्यमंत्री डिल्ली बहादुर चौधरी को बिना जानकारी दिए प्रदेश के मुख्य सचिव ने कार्यक्रम रद्द होने की सूचना प्रकाशित कर दी है। इस पर मुख्यमंत्री चौधरी ने केन्द्र सरकार के इस फैसले पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए इसे चीन के दबाब में लिए जाने का आरोप लगाया। गठबन्धन बदलते ही प्रदेश सरकार भी अल्पमत में आ गई है और किसी भी समय प्रदेश की नेपाली कांग्रेस की सरकार को बर्खास्त किया जा सकता है। इस सरकार से माओवादी पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया है।

## नेपाल में सत्तारूढ़ नए गठबंधन के घटक दलों के बीच समझौता, राष्ट्रीय सभा अध्यक्ष का पद माओवादी को

**नेपाल।** नेपाल में तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच सत्तारूढ़ नए गठबंधन के चार घटक दलों के बीच लिखित समझौता हुआ है। इसके तहत नेपाली संसद के उच्च सदन यानी राष्ट्रीय सभा का अध्यक्ष पद नेकपा (माओवादी) को मिलेगा। वहीं घटक दलों के बीच न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाने पर भी सहमति बनी है। सत्तारूढ़ नए गठबंधन की ओर से मंगलवार को जारी बयान के मुताबिक इस समझौते पर नेकपा (माओवादी) की तरफ से प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड', नेकपा (एमाले) की तरफ से केपी शर्मा ओली, जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की तरफ रवि लामिछाने ने हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत सरकार संचालन के लिए एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनाने पर भी सहमति बनी है। इसके अलावा राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष का पद प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहाल प्रचंड की पार्टी नेकपा (माओवादीः को दिए जाने पर सहमति बनी है। साथ ही मंत्रालयों के बंटवारे के मुद्दे पर भी सहमति बनी है। समझौते में संघीयता कार्यान्वयन को लेकर कानून बनाने और राज्य सरकारों में फेरबदल करने की बात भी उल्लेख है। उल्लेखनीय है कि प्रचंड के नेतृत्व वाली हालिया गठबंधन सरकार में नेपाली कांग्रेस भी शामिल थी। नेपाली कांग्रेस के हिंदू राष्ट्र का मुद्दा उठाने और राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष पद पर अड़ने के बाद यह गठबंधन टूट गया। इसके बाद नेकपा (माओवादी) के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री प्रचंड ने प्रमुख विपक्षी नेकपा (एमाले) और दो अन्य दलों के साथ नया गठबंधन बनाया है।

## यूएन की रिपोर्ट में दावा, 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमले के दौरान हमास ने किए बलात्कार

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल पर हमास के हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में चौंकाने वाले दावे किए गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि हमले के दौरान न केवल बलात्कार किए गए बल्कि गाजा ले जाए गए इजराइली बंधकों की भी इज्जत लूटी गई। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास हमलावरों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था।

पिछले साल 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हमले के दौरान और बंधकों के साथ बलात्कार की ठोस जानकारी मिली है। संयुक्त राष्ट्र की विशेष प्रतिनिधि प्रमिला पैटन ने फरवरी की शुरूआत में ढाई सप्ताह के लिए इजराइल और वेस्ट बैंक का दौरा किया था। इस टीम को कई ऐसे आधार मिले जिसमें हमले के दौरान बलात्कार और सामूहिक बलात्कार की पुष्टि करते हैं।

इस रिपोर्ट के मुताबिक हमले के दौरान यौन हिंसा की ऐसी घटनाएं मुख्य रूप से तीन स्थानों पर हुई जिनमें नोवा संगीत समारोह स्थल और उसके आसपास के इलाके रोड 232 एवं किबुत्ज रीम शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर घटनाओं में बलात्कार के बाद पीड़ितों की हत्या की गई।

इस टीम के सदस्य 7 अक्टूबर के हमले में जिंदा बचे लोगों और गवाहों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के सदस्यों से साक्षात्कार लिया। साथ ही हमलों से जुड़ी पांच हजार तस्वीरें और करीब 50 घंटे की फुटेज देखी।

## इजराइल में लेबनान से दागी गई एंटी टैंक मिसाइल की चपेट में आकर भारतीय युवक की मौत, दो अन्य भारतीय घायल

**यरुशलम।** इजराइल-हमास संघर्ष के बीच इजराइल में एक भारतीय युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य भारतीय घायल हुए हैं। सोमवार को लेबनान की एंटी टैंक मिसाइल के हमले में भारतीय युवक की मौत का दावा किया जा रहा है। ये सभी भारतीय केरल के रहने वाले हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इजराइल की उत्तरी सीमा के पास मारगैलियाट में एक बाग को लेबनान की तरफ से दागी गई एंटी टैंक मिसाइल निशाना बनाया गया जिसकी चपेट में आकर केरल के रहने वाले एक युवक की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। कुछ अन्य लोग भी मामूली रूप से घायल हैं। इजराइली रेस्क्यू सर्विस के प्रवक्ता मेजेन डेविड एडोम के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 11बजे यह घटना हुई जिसमें केरल के कोल्लम निवासी पटनिबीन मैक्सवेल की जान चली गई। उनका शव अस्पताल में रखा गया है। जबकि हमले में घायल दो अन्य भारतीयों को अस्पताल में भर्ती किया गया है जहां दोनों की हालत स्थिर है। लेबनान की तरफ से हुए इस हमले में ईरान समर्थित शिया संगठन हिज्बुल्ला का हाथ बताया जा रहा है।

## अफगानिस्तान: भारी बर्फबारी व बारिश से अबतक 39 लोगों की मौत, 30 से ज्यादा घायल

**काबुल।** भारी बारिश और बर्फबारी की वजह से अफगानिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में अभी तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है और 30 से अधिक लोग घायल हैं। अफगानिस्तान इस वक्त भारी बारिश और बर्फबारी से जूझ रहा है। चार दिनों से भीषण बर्फबारी और बर्फीले तूफान का सिलसिला चल रहा है। इससे प्रांतों और जिलों को जोड़ने वाली ज्यादातर सड़कें पूरी तरह अवरुद्ध हैं। अफगानी आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रवक्ता जनान सईक ने खामा प्रेस से कहा कि हाल ही में हुई बर्फबारी और बारिश ने 637 आवासीय घरों को पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट कर दिया है और 14,000 मवेशियों की जान ले ली है।